संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -113 शुक्रवार , 23 फरवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# मणिपुर में बड़ी हिंसा भड़कने का आया फैसला



फाईल:फोटो

» मणिपुर हाईकोर्ट ने फैसले से विवादित पैरा हटाया
» इसी आदेश पर हिंसा भड़की थी...

इंफाल,22 फरवरी 2024 (ए)। मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने पर विचार करने के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस गोलमेई गैफुलशिलु की बेंच ने आदेश से एक पैराग्राफ को हटाते हुए कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट की कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच के रुख के खिलाफ था।

गौरतलब है कि 27 मार्च 2023 के इसी निर्देश के बाद मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

### मणिपुर हाईकोर्ट में 21 फरवरी को हुई सुनवाई

हाईकोर्ट में इस फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका लगाई गई थी। जिस पर 21 फरवरी को सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस गैफुलशिलु के फैसले ने अनुसूचित जनजाति सूची में संशोधन के लिए भारत सरकार के प्रोसेस की तरफ इशारा करते हुए कोर्ट के निर्देश को हटाने की जरूरत बताई।

27 मार्च 2023 के फैसले में कहा गया था कि राज्य सरकार आदेश मिलने की तारीख से 4 हफ्ते के अंदर मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने के मामले में तेजी लाए।

इसके खिलाफ मैतेई समुदाय ने रिव्यू पिटीशन लगाई थी। जिसमें कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक किसी जनजाति को एसटी सूची में शामिल करने के लिए न्यायिक निर्देश जारी नहीं किया जा सकता क्योंकि यह राष्ट्रपति का एकमात्र विशेषाधिकार है।

## क्या है मणिपुर हिंसा की वजह...

मणिपुर की आबादी करीब 38 लाख है। यहां तीन प्रमुख समुदाय हैं: मैतेई, नगा और कुकी। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। नगा-कुकी ईसाई धर्म को मानते हैं। एसटी वर्ग में आते हैं। इनकी आबादी करीब 50प्रतिशत है। राज्य के करीब 10 प्रतिशत इलाके में फैली इंफाल घाटी मैतेई समुदाय बहुल ही है। नगा-कुकी की आबादी करीब 34 प्रतिशत है। ये लोग राज्य के करीब 90 प्रतिशत इलाके में रहते हैं।

**कैसे शुरू हुआ विवादः** मैतेई समुदाय की मांग है कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। समुदाय ने इसके लिए मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई। समुदाय की दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था। उससे पहले उन्हें जनजाति का ही दर्जा मिला हुआ था। इसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से सिफारिश की कि मैतेई को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए।

# तेजस्वी की सभा में मची भगदड़



» तेजस्वी यादव की सभा में बेकाबू हुई भीड़,मची अफरा-तफरी
» टूटी कई कुर्सियां-जमीन पर गिरे नेता,बस 10 मिनट में...

जगदीशपुर,22 फरवरी 2024 (ए)। जन विश्वास यात्रा के तहत भोजपुर जिले के जगदीशपुर में लोगों को संबोधित कर रहे तेजस्वी यादव के मंच के सामने कार्यकर्ताओं की भीड़ गुरुवार की देर शाम अचानक बेकाबू हो गई। सभा स्थल पर अफरातफरी मच गई। इस दौरान सभा स्थल पर लगी कई कुर्सियां टूट गई। वहां कुर्सी लेकर बैठे कई नेता भी धड़ाम से जमीन पर गिर पड़े। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव 10 मिनट के अंदर ही अपनी बातों को रख बक्सर के लिए रवाना हो गए।

### नीतीश चाचा के पास विजन नहीं,अब उनसे नहीं चलेगा बिहार:तेजस्वी यादव

पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश चाचा के पास अब कोई विजन नही रह गया है, अब उनसे बिहार चलने वाला नही है, हमलोग नई सोच वाले हैं और युवाओं की बेहतरी के लिए हमलोगों के पास विजन है, अब नए लोगों को बिहार में मौका मिलना चाहिए। वे गुरुवार को जन विश्वास यात्रा के अंतर्गत जगदीशपुर के नयका टोला बस पड़ाव परिसर में आयोजित सभा में बोल रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अरविंद केजरीवाल को सीबीआई करेगी गिरफ्तार



दिल्ली,22 फरवरी 2024 (ए)। लोकसभा चुनाव में कुछ ही समय बचा है। इसके चलते सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारियों में जुटी हैं। वहीं विपक्षी पार्टियां लगातार केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुर्पयोग का आरोप लगा रही हैं। इस सबके बीच आम आदमी पार्टी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आम आदमी पार्टी ने कहा कि उनके नेताओं के पास मैसेज आए हैं कि इंडिया गठबंधन नहीं छोड़ा तो पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल को सीबीआई का नोटिस आएगा और उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बायजू के फाउंडर रवींद्रन पर ईडी का शिकंजा




लुकआउट नोटिस जारी

दिल्ली,22 फरवरी 2024(ए)। ईडी ने उद्यमी, निवेशक और शिक्षक बायजू रवींद्रन के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया। ईडी ने इस महीने की शुरुआत में बीओआई से संपर्क किया और यह सुनिश्चित करने की मांग की कि रवींद्रन देश के भीतर ही रहें।

### 26 फरवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च



चंडीगढ़,22 फरवरी 2024(ए)। चंडीगढ़ में गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा की अहम बैठक हुई। इसमें देशभर के कई राज्यों से पहुंचे किसान नेताओं ने हिस्सा लिया। 14 मार्च को किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत करेंगे। वहीं 26 फरवरी को देशभर में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च करने का फैसला लिया है।

किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहां ने बताया कि 23 फरवरी को किसान पूरे देश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूकेंगे। खनौरी बॉर्डर पर जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत पर किसान नेताओं ने दुख जताया और श्रद्धांजलि अर्पित की। किसान नेताओं ने कहा कि किसान संगठन पूरे देश में रोष और काला दिन के रूप में प्रदर्शन करेंगे।किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने पंजाब की सीमा पर कार्रवाई की है। उन्होंने हरियाणा पुलिस के खिलाफ 302 के तहत केस दर्ज करने की मांग की।

# जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के 30 ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

### किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट केस में एक्शन




श्रीनगर,22 फरवरी 2024(ए)। जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने गुरुवार सुबह पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के दिल्ली स्थित आवास और दफ्तर की तलाशी ली। इसके अलावा केंद्रीय एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में भी 30 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह मामला किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर प्रस्तावित किरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए 2019 में 2200 करोड़ रुपये के सिविल वर्क का कॉन्ट्रैक्ट देने में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है। केंद्रीय एजेंसी ने चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (प्राइवेट) लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी, पूर्व अधिकारियों एमएस बाबू, एमके मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया था। चौधरी 1994-बैच के जम्मू-कश्मीर-कैडर (अब एजीएमयूटी कैडर) के आईएएस अधिकारी हैं।यह आरोप है कि किरू जलविद्युत परियोजना से संबंधित सिविल कार्यों के आवंटन में, ई-टेंडरिंग के संबंध में दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया। यह भी आरोप लगाया गया कि सीवीपीपीपीएल की 47वीं बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया था कि रिवर्स नीलामी के साथ ई-टेंडरिंग के माध्यम फिर से कॉन्ट्रैक्ट आवंटित किया जाएगा। लेकिन चल रही निविदा प्रक्रिया को रद्द करने के बाद, इसे लागू नहीं किया गया और सीवीपीपीपीएल की 48वीं बोर्ड बैठक में पिछली मीटिंग के निर्णय को उलट दिया गया।

# संदेशखाली में एक और गैंगरेप से दहला पश्चिम बंगाल



कोलकाता,22 फरवरी 2024(ए)। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के कथित रेप और उत्पीड़न के मामले पर हंगामा बरपा हुआ है। इस बीच एक और बड़ी खबर सामने आ रही है कि कल एक और महिला ने गैंगरेप का मामला दर्ज कराया है। यानी दो महिलाओं ने अब तक मामला दर्ज कराया है। इस बीच बंगाल डीजीपी राजीव कुमार ने संदेशखाली का दौरा किया है। शाहजहां को लेकर पूछे गए सवाल पर डीजीपी ने कहा कि जिन्होंने भी कानून तोड़ा है सभी गिरफ्तार होंगे। बता दें कि संदेशखाली लगातार सुर्खियों में है और आरोप हैं कि यहां टीएमसी नेताओं द्वारा किसानों-गरीबों की जमीनों पर कब्जा किया गया है और महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया है। टीएमसी नेता शाहजहां समेत सभी आरोपी नेताओं की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। संदेशखाली मामले में आरोप है कि यहां महिलाओं के खिलाफ जितने भी अपराध हुए हैं, उन सबको टीएमसी नेताओं ने अंजाम दिया है और इन सबका सरगना शाहजहां शेख है, जिसके पीछे ईडी पड़ी हुई है। इस बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उन खबरों को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के पुलिस प्रमुख को नोटिस भेजा है, जिनमें संदेशखालि में जारी हिंसा के कारण 'मानवाधिकारों के लगातार उल्लंघन' का आरोप लगाया गया है।

# दिग्विजय सिंह और उदित राज गिरफ्तार



दिल्ली,22 फरवरी 2024(ए)। दिग्विजय सिंह और उदित राज को गिरफ्तार किया गया है। दोनों नेता ईवीएम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान गिरफ्तारी हुई है। दिग्विजय सिंह ने सीजेआई से मांग करते हुए पूछा,आपको और क्या सबूत चाहिए? आप घोटालेबाजों और बेईमान लोगों को वीवीपैट ईवीएम में हेरफेर करने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव जीतने की अनुमति कैसे दे सकते हैं,जिसे हमारे नरेंद्र मोदी माननीय प्रधानमंत्री सही ही लोकतंत्र की जननी कहते हैं,मुझे आप पर विश्वास है कि आपने स्वयं यह टिप्पणी की है कि सोर्स कोड/सॉफ्टवेयर ऐसा कर सकता है।. क्या इसे सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे हैकिंग या हेरफेर की अनुमति मिल सकती है? क्या मैं सही हूं? उन्होंने पूछा, 'अब मशीन में सोर्स कोड/सॉफ्टवेयर कौन फीड करता है? चुनाव आयोग की ओर से चुने गए बीईएल इंजीनियर या आईटी पेशेवर? उन्हें कौन चुनता है? चुनाव आयोग या भारत सरकार? क्या हम बीईएल इंजीनियर्स, चुनाव आयोग या पीएमओ पर भरोसा कर सकते हैं? बीईएल में 4 स्वतंत्र निदेशक हैं जो बीजेपी के सदस्य हैं. चुनाव आयोग, विपक्षी दलों से मिलने से इनकार कौन करता है? मुझे टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है. आपको बेहतर जानकारी है. कृपया लॉर्डशिप हमारी विनती सुनें.।

## दिल्ली एम्स में मरीजों से रिश्वत मांगने वालों की अब खैर नहीं

नई दिल्ली,22 फरवरी 2024(ए)। एम्स ने मरीजों की सुविधा के लिए एक वाट्सएप हेल्पलाइन नंबर (9355023969) जारी किया है, जो 29 फरवरी से 24 घंटे संचालित होगा। यदि एम्स में किसी मरीज से ओपीडी कार्ड बनवाने, जल्दी इलाज व जांच कराने का भरोसा देकर कोई रिश्वत की मांग करता है तो मरीज या तीमारदार इस हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कर सकते हैं।

# मल्लिकार्जुन खड़गे को मिली जेड प्लस सुरक्षा



दिल्ली,22 फरवरी 2024(ए)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सिक्योरिटी को अपग्रेड किया गया है। खरगे को जेड प्लस सिक्योरिटी दी गई है। जानकारी के मुताबिक, खुफिया रिपोर्ट्स के आधार पर राज्यसभा के नेता विपक्ष की सिक्योरिटी को बढ़ाया गया है। बता दें कि मल्लिकार्जुन खरगे साल 2022 में कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए।

जेड प्लस सुरक्षा में कमांडो विशेष रूप से प्रशिक्षित और सुसज्जित होते हैं और वे किसी भी संभावित हमले को रोकने के लिए तैयार होते हैं। जेड श्रेणी में 55 कर्मियों की सुरक्षा होती है, जिसमें 10+ एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। वही जेड श्रेणी में 22 कर्मियों की सुरक्षा होती है, जिसमें 4-6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। जेड + सुरक्षा भारत सरकार द्वारा उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाने वाला उच्चतम स्तर का सुरक्षा कवर है, जिनके जीवन को अत्यधिक उच्च स्तर का खतरा माना जाता है। जेड + श्रेणी आम तौर पर शीर्ष राजनेताओं, नौकरशाहों और सार्वजनिक हस्तियों सहित हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों को प्रदान की जाती है।

# अमित शाह ने भरी हुंकार

» 11 सीट जिताकर मोदी को फिर से बनाना है प्रधानमंत्री
» मोदी को फिर से लाओ, हम विश्व की तीसरी ताकत बन जाएंगे...

बिलासपुर,22 फरवरी 2024 (ए)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जांजगीर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए विजय संकल्प शंखनाद रैली के लिए आया हूं। भारत को 2014 में 11 में से 10 सीटें दी, 2019 में 11 में से 9 सीटें दी, अभी विधानसभा में छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अन्याय करने वाली सरकार को हटाया। कांग्रेस सरकार ने न नक्सलवाद पर लगाम कसी, न भ्रष्टाचार बंद हुआ।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जांजगीर में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का प्रचार अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। देश को विकसित और विश्वगुरु बनाने वाला चुनाव है। मोदी जी को फिर से लाओ, हम विश्व की तीसरी ताकत बन जाएंगे।

शाह ने कहा कि मैं राम के ननिहाल में आया हूं। छत्तीसगढ़ राम का ननिहाल है। मोदी जी ने 500 वर्षों के इंतजार को खत्म किया। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। छत्तीसगढ़ में सरकार बने कुछ दिन ही हुए हैं और विष्णुदेव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम शुरू कर दिया है।

इसके पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में हम कदम उठाना शुरू कर दिया है, दो साल का बोनस राशि किसानों के खाते में भेज दिया है। 21 क्विंटल धान की खरीदी की और जल्दी ही बाकी राशि भी देंगे, महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है, छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट को इस बार जिताकर मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है।

मंच पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत समेत जिले के तमाम भाजपा नेता मौजूद थे।

# जेलों में बंद गरीब कैदियों के लिए केंद्र की बड़ी पहल




» जमानत दिलाने के लिए जारी किए करोड़ों रुपये...

नई दिल्ली,22 फरवरी 2024(ए)। देश भर की जेलों में बंद गरीब कैदियों को जमानत दिलाने के लिए वित्तीय सहायता देने गृह मंत्रालय ने 20 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसका लाभ जेल में बंद उन कैदियों को मिलेगा, जो अपनी जमानत राशि का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखे पत्र में कहा कि प्रत्येक राज्य को 'निर्बाध धन' के प्रवाह के लिए एक खाता खोलना चाहिए, ताकि ये पैसे जरूरतमंद लोगों को दिए जा सकें। गृह मंत्रालय ने राज्यों को इस संबंध में कई तरह के निर्देश जारी किये हैं।

### जिलों में गठित होंगी 'सशक्त समितियां'

गृह मंत्रालय के पत्र के मुताबिक, सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को सभी जिलों में 'सशक्त समितियां' और राज्य या केंद्रशासित प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक 'निगरानी समिति' का गठन करने के लिए कहा गया है।प्रत्येक राज्य व केंद्रशासित प्रदेश को मुख्यालय स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा, जो प्रक्रिया या दिशानिर्देशों को लेकर किसी प्रकार के स्पष्टीकरण या योजना में विस्तार के लिए गृह मंत्रालय या केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के साथ जुड़ सकता है।

प्रत्येक राज्य व केंद्रशासित प्रदेश को सीएनए के खाते (एनसीआरबी) के तहत मुख्यालय स्तर पर एक सहायक खाता खोलना होगा और इसकी तत्काल आधार पर सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से निगरानी की जाएगी क्योंकि केंद्र से सभी धनराशि इस खाते के माध्यम से हस्तांतरित होंगी।

# गिरफ्तार पत्रकार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने दी जमानत

### आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगाने का दिया आदेश



कोलकाता,22 फरवरी 2024 (ए)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने समाचार चैनल रिपब्लिक बांग्ला के रिपोर्टर संतू पान को जमानत दे दी। पुलिस ने उसे उस समय गिरफ्तार किया था, जब वह उत्तर 24 परगना जिले के तनावग्रस्त संदेशखाली से रिपोर्टिंग कर रहे थे।

### पुलिस की अति-सक्रियता पर लगाई फटकार

न्यायमूर्ति कौशिक चंदा की एकल-न्यायाधीश पीठ ने संटू पान को जमानत देते हुए पत्रकार को गिरफ्तार करने में पुलिस की अति-सक्रियता पर उसे फटकार लगाई। न्यायमूर्ति कौशिक चंदा ने कहा कि एफआईआर से ऐसा लगता है कि आरोप अनुचित और प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि एफआईआर से यह आसानी से समझा जा सकता है कि स्थानीय महिला का वह गुप्त बयान क्या हो सकता है जिसके आधार पर पान को गिरफ्तार किया गया है।

### गिरफ्तारी को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

न्यायमूर्ति कौशिक चंदा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पुलिस पत्रकारों को गिरफ्तार कर रही है जबकि हमले का मुख्य आरोपी फरार है। न्यायमूर्ति कौशिक चंदा ने कहा, घटनाओं का पूरा क्रम एक मजाक में बदल गया है। पुलिस वही करे जो उसे करना चाहिए।

संतू पान के वकील महेश जेठमलानी ने तर्क दिया कि पान प्रशासनिक उत्पीड़न का सामना करने वाले एकमात्र पत्रकार नहीं हैं। उन्होंने बताया कि एक अन्य लोकप्रिय टेलीविजन चैनल के एक वरिष्ठ पत्रकार को भी धारा 41ए के तहत नोटिस जारी किया गया है और संदेशखाली थाने में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

# ओवैसी की पार्टी से लड़ेंगी शहाबुद्दीन की पत्नी हिना?



पटना,22 फरवरी 2024 (ए)। बिहार में ए आई एम आई एम के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अख्तरूल ईमान ने संकेत दिया है कि पूर्व राजद सांसद की पत्नी हिना शहाब अगर मांग करें तो, उन्हें लोकसभा चुनाव में सिवान से पार्टी का उम्मीदवार बनाया जा सकता है। गुरुवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पहले उधर से टिकट के लिए पहल तो हो। उन्होंने कहा कि कभी राजद की सरकार मो. शहा बुद्दीन की मदद से बनी थी। लेकिन, निधन के बाद राजद के किसी नेता ने उनकी कब्र पर जाना भी उचित नहीं समझा।

## संपादकीय

### यह अच्छा संकेत नहीं

स्वस्थ आर्थिक वृद्धि वह होती है, जिसमें वृद्धि दर के अनुरूप रोजगार के अवसर भी पैदा हों। वैसी आर्थिक वृद्धि समाज की समृद्धि में योगदान करती है। जबकि अभी बहुसंख्यक श्रमिक नियमित वेतन वाले रोजगार से बाहर होती जा रहे हैं।वैसे तो नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों की संख्या में आम तौर पर गिरावट आई है, लेकिन यह गिरावट अल्पसंख्यक समुदायों के मामले में कहीं ज्यादा हुई है। वार्षिक पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) के आंकड़ों के एक ताजा विश्लेषण से सामने आया यह तथ्य भारत में आम खुशहाली के लिहाज से चिंताजनक है। जिस समय वर्तमान राजनीतिक रुझानों के कारण अल्पसंख्यक समुदाय फिक्रमंद हैं, अगर रोजी-रोटी के क्षेत्र में भी उनके भेदभाव का शिकार होने की धारणा बनने लगे, तो सामाजिक सद्भाव पर उसका खराब असर पड़ सकता है। ताजा विश्लेषण में 2018-19 के आंकड़ों की तुलना 2022-23 में उभरी सूरत से की गई है। इस दौरान नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों में हिंदुओं की भी गिरी। 2018-19 में हिंदू श्रम शक्ति का 23.7 प्रतिशत हिस्सा नियमित वेतनभोगी था। जबकि 2022-23 में यह संख्या 21.4 फीसदी रह गई। लेकिन इस दौरान मुसलमानों में यह संख्या 22.1 प्रतिशत से गिर कर 15.3 प्रतिशत पर आ गई।ईसाइयों में ये तादाद 31.2 फीसदी से गिरकर 28 प्रतिशत रह गई। जबकि सिखों के बीच यह संख्या 28.5 प्रतिशत से 26 फीसदी तक आ गिरी। ये आंकड़े दो तथ्यों को स्पष्ट करते हैं। पहला तो यह कि भारत में नियमित वेतनभोगी रोजगार के अवसर सिकुड़ते चले जा रहे हैं। अगर सकल श्रम शक्ति की स्थिति पर गौर करें, तो 2018-19 में भारत में 23.8 प्रतिशत श्रमिक नियमित वेतनभोगी थे, जबकि 2022-23 में यह संख्या 20.9 प्रतिशत रह गई। उच्च आर्थिक वृद्धि के दौर में यह रुझान घोर चिंता का विषय है। इसका अर्थ यह है कि देश में हो रही आर्थिक वृद्धि के लाभों- यानी निर्मित धन का बंटवारा लगातार असमान होता जा रहा है। स्वस्थ आर्थिक वृद्धि वह होती है, जिसमें वृद्धि दर के अनुरूप रोजगार के अवसर भी पैदा हों। उस स्थिति में आर्थिक वृद्धि व्यापक रूप से समाज की समृद्धि में योगदान करती है। जबकि वर्तमान स्थिति में अधिकांश लाभ कुछ हाथों में सिमट रहे हैं, जबकि बहुसंख्यक जनता कथित स्वरोजगार के लिए मजबूर होती जा रही है। बहरहाल, इस आम दरिद्रीकरण में मजहबी आधार पर भी अगर विषमता बढ़ रही है, तो और भी ज्यादा चिंता का पहलू है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन का क्या संदेश ?

लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय अधिवेशन भाजपा ने किया, जिसकी चुनावी तैयारियां राउंड द क्लॉक यानी 24 घंटे, सातों दिन और 12 महीने चलती रहती है। कायदे से मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को इस तरह का अधवेशन करना चाहिए था और साथ ही नए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया' की साझा बैठक भी करनी चाहिए थी। लेकिन कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं और बाकी सहयोगी पार्टियों के साथ कांग्रेस का इतना भी तालमेल नहीं बन पाया है कि विपक्ष के नेता उनकी यात्रा में शामिल हों। सो, मोटे तौर पर विपक्ष की तैयारियां भगवान भरोसे हैं और चुनाव का नैरेटिव भी हालातों पर निर्भर है। ऐसा लग रहा है कि उसे अपनी ओर से चुनाव का कोई नैरेटिव भी सेट नहीं करना है। उसे सिर्फ भाजपा के तय किए नैरेटिव पर प्रतिक्रिया देनी है। तभी यह जानना अहम है कि भाजपा ने क्या नैरेटिव सेट किया है या दो दिन के राष्ट्रीय अधिवेशन से देश के मतदाताओं और भाजपा के कार्यकर्ताओं को क्या संदेश दिया है। दो दिन के सम्मेलन का सार पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण से मिलता है, जिसे कई पहलुओं से समझा जा सकता है।पहला, राष्ट्रीय अधिवेशन में राममंदिर पर प्रस्ताव मंजूर किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की गई। इस प्रस्ताव में कहा गया कि राममंदिर का निर्माण भारत की आध्यात्मिक चेतना का पुनर्जागरण' है और यह एक हजार साल के लिए राम राज्य की स्थापना का प्रस्थान बिंदु' है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा के चुनाव अभियान में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का क्या महत्व है। यह सिर्फ एक मंदिर का मामला नहीं है। भाजपा ने इसे हिंदू पुनरूत्थान से जोड़ा है, जिसका प्रतीक चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। अयोध्या का मामला या यह नैरेटिव सिर्फ अयोध्या तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार व्यापक है। अयोध्या के बाद प्रधानमंत्री ने मां कामाख्या कॉरिडोर का शिलान्यास किया, अबु धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया और कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास भी किया। पिछले दो महीने के घटनाक्रम का संदेश दूर तक जा रहा है। भाजपा नेता भले हिंदू पुनर्जागरण, पुनरुत्थान या राम राज्य कह रहे हैं, लेकिन व्यापक हिंदू समाज इसे हिंदू राष्ट्र सुन रहा है। उसको लग रहा है कि एक हजार साल के हिंदू राष्ट्र की बुनियाद पड़ रही है और नरेंद्र मोदी इसका माध्यम बन रहे हैं। दूसरा, इतिहास की ग्रंथियों का मुद्दा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि दशकों से जो काम लंबित थे वो काम उनके कार्यकाल में पूरे हुए हैं। उन्होंने अयोध्या में राममंदिर निर्माण से लेकर जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म करने, नागरिकता कानून में संशोधन करने, नया संसद भवन बनाने, तीन तलाक पर कानून बनाने, राजपथ को कर्तव्य पथ करने आदि का जिक्र किया। इन्हें सिर्फ सरकार की उपलब्धियों का बखान मानने की गलती नहीं करना चाहिए। ये मुद्दे सामान्य उपलब्धियों की तरह पेश भी नहीं किए गए हैं। ये सब या तो धर्म से जुड़े हैं या राष्ट्रवाद से जुड़े हैं। इनके जरिए भी भाजपा ने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की मजबूती का नैरेटिव बनाया है। राममंदिर, नागरिकता कानून, तीन तलाक पर कानून तो सीधे तौर पर धर्म से जुड़े मुद्दे हैं। तो नए संसद भवन का निर्माण गुलामी की मानसिकता से मुक्त होने के नैरेटिव का हिस्सा है, जिसके साथ और भी कई चीजें जुड़ी हैं, जैसे अंग्रेजों के जमाने के कानूनों को बदलना।तीसरा, अनुच्छेद 370 खत्म करने के फैसले को अब जाकर राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाया गया है। सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 खत्म करने, जम्मू कश्मीर का विभाजन करने और उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला किया था। उसके बाद से इस पर लगभग खामोशी थी। उलटे यह सवाल उठ रहा था कि अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद जम्मू कश्मीर में क्या बदला है? क्या कश्मीरी पंडितों का पुनर्वास हो रहा है? इस मसले पर करीब साढ़े चार साल की चुप्पी के बाद अब यह बड़ा चुनावी मुद्दा बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके भावनात्मक इस्तेमाल का रोडमैप बनाया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को लोकसभा की 370 सीटों से जोड़ दिया है। वे कह रहे हैं कि उनकी सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया तो देश के लोग भाजपा को 370 सीटों का टीका देंगे। ध्यान रहे प्रधानमंत्री मोदी भले अपने मुंह से नहीं कहें लेकिन उनकी पार्टी ने यह नैरेटिव बनाया है कि कश्मीर को आजादी 2019 में मिली है और तभी




वह भारत का हिस्सा बना है। याद करें भाजपा के पुराने नारे को-जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। भाजपा ने यह स्थापित किया है कि कश्मीर पहले हमारा नहीं था। वह 2019 में हमारा हुआ और इसलिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए देश के लोगों को 370 सीटें भाजपा को देनी चाहिए। इसके जरिए 370 सीट और 50 फीसदी से ज्यादा वोट का लक्ष्य तय हुआ।चौथा, विपक्ष को देश विरोधी, भ्रष्ट और परिवारवादी बताने के पुराने नैरेटिव को फिर से राष्ट्रीय अधिवेशन में जोर-शोर से उठाया गया और देश भर से आए करीब साढ़े 11 हजार पार्टी पदाधिकारियों और नेताओं को इसे जनता के बीच ले जाने का संदेश दिया गया। प्रधानमंत्री ने स्वंय कांग्रेस पर हमले की कमान संभाली और कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश का विरोध किया है। सेना की उपलब्धियों पर सवाल उठाए हैं। राफेल की खरीद तक में रोड़ अटकाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने और समाज को तोडने़ वाली पार्टी है। उन्होंने सीधे तौर पर उत्तर और दक्षिण के विभाजन के नैरेटिव या जाति गणना के मुद्दे को नहीं उठाया लेकिन कांग्रेस को तोडने़ और बांटने वाली पार्टी बता कर उसकी ओर इशारा किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष में सभी परिवारवादी पार्टियां हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में परिवारवादी पार्टियों का अंत हो जाएगा। यह अपने आप में बहुत मजबूत नैरेटिव है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने इन शब्दों में आगे बढ़ाया कि कांग्रेस सिर्फ एक परिवार के लिए है'।पांचवां और सबसे बड़ा संदेश मोदी के नेतृत्व, देश के लिए उनकी अनिवार्यता और सत्ता में लौटने की अवश्यंभाविता का है। दो दिन के अधिवेशन में पूरी पार्टी ने मिल कर यह स्थापित किया कि मोदी इकलौते नेता हैं और भाजपा में या भाजपा से बाहर कोई भी नेता उनके मुकाबले का नहीं है। वे सर्वोच्च हैं और सर्वमान्य हैं। मोदी ने खुद अनेक बार अपना नाम लिया, जो हैरान करने वाला था। मनोवैज्ञानिक इसे आत्मविश्वास की कमी बताते हैं तो विपक्ष अति आत्मविश्वास और कुछ हद तक अहंकार मान रहा है। फिर यह बताया गया कि वे देश के लिए क्यों अनिवार्य हैं। यह बताने का प्रयास तो बहुत पहले से चल रहा था लेकिन दो दिन के सम्मेलन में कई तरह से यह बताया गया कि देश अपना पुराना गौरव हासिल करने की ओर बढ़ रहा है तो वह सिर्फ मोदी के कारण हो रहा है। वे हिंदू गौरव लौटाने के लिए काम कर रहे हैं। भारत को फिर से महान बनाने के लिए काम कर रहे हैं और दुनिया भी मानने लगी है कि भारत महानता की ओर बढ़ चला है। इसी के साथ उनकी सत्ता में वापसी की अवश्यंभाविता का नैरेटिव भी बनाया गया। वैसे यह भाजपा का पुराना नारा रहा है कि आएगा तो मोदी ही'। इसे साढ़े 11 हजार प्रतिनिधियों के सामने बताने के लिए मोदी ने कहा कि उन्हें दुनिया के देशों की ओर से जुलाई-अगस्त के न्योते मिल रहे हैं, जिसका मतलब है कि दुनिया भी मान रही है कि आएगा तो मोदी ही' और अब तो विपक्षी पार्टियां भी मानने लगी हैं कि सत्तारुढ़ गठबंधन चार सौ सीट जीतेगा। हालांकि ये दोनों बातें अर्धसत्य की तरह हैं। लेकिन वह अलग विमर्श का मसला है। कुल मिला कर दो दिन की बैठक से देश को यह बताया गया कि मोदी के मुकाबले कोई नहीं है, वे देश की जरुरत हैं और उनका सत्ता में वापस लौटना तय है। वे लौटेंगे तभी भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और 2047 तक विकसित बन पाएगा।

-अजीत द्विवेदी-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## चुनावी बॉन्ड्स : काले-सफेद की माया

मैं शुरू में चुनावी बॉन्ड्स योजना को अच्छा मानता था। आखिर चुनाव में काले धन का सत्य सर्वमान्य है। लेकिन जब मालूम हुआ कि बैंक के जरिए खरीदे-बेचे जाने वाले बॉन्ड्स का ब्योरा गोपनीय रहेगा तो वैसी ही हैरानी हुई जैसे हर समझदार, लोकतंत्रवादी को हुई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने योजना को संविधान विरोधी बताते हुए उसे जैसे खारिज किया है उससे प्रमाणित है कि सोचा क्या और सच क्या!सोचें, ईमानदारी से दिल पर हाथ रख कर सोचें कि डॉ. मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार के कंट्रास्ट में मई 2014 से पहले जनता की चाहना के मनोनुकूल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैसे अच्छे-अच्छे वायदे किए थे। उसमें सर्वोपरि वादा था अच्छे दिन आएंगे। काला धन सफेद होगा। काली राजनीति, काले पैसों से लड़े जाने वाले चुनाव सफेद पैसे में साफ-सुथरे लड़े जाएंगे। सरकार पारदर्शी होगी। तभी राजनीतिक पार्टियों के चंदे को सफेद बनाने के मकसद की चुनावी बॉन्ड योजना मुझे भी अच्छी लगी।पर तब पता नहीं था कि साफ-सुथरी, पारदर्शी व्यवस्था लाने के वादे के नाम पर व्यवस्था तथा प्रशासन और अपारदर्शी हो जाएंगे। साथ ही राजनीति और चुनाव भी मायावी हो जाएंगे। सोचना ही मुश्किल होगा कि क्या सत्य है और क्या असत्य? मैं ईवीएम से चुनावी धांधली की धारणा पर विश्वास नहीं करता हूं लेकिन सन् 2024 का आज यह सत्य तो है कि मोदी जादू के मुरीद देश के 40 प्रतिशत मतदाताओं को छोड़ कर 60 प्रतिशत लोगों के रहनुमा याकि विरोधी पार्टियां, ईवीएम को लेकर शंकित हैं। इनका मानना है कि मशीनों की गड़बड़ से मोदी का जादू है।

-हरिशंकर व्यास-

# एक ऐसा बलात्कार जिसके लिए कोई भी सजा तय नहीं

चलो ! किसी ने तो आवाज़ उठाई उस घिनौने कृत्य पर जिसे हम बलात्कार कहते हैं । अब आप सोच रहे होंगे अरे इस मे कौन सी नई बात है ? बलात्कार विषय पर तो बड़े-बड़े महाधनुर्धर पहले ही आवाज़ उठा चुके हैं और इंसाफ भी मिला है बहुत लोगों को जैसे निर्भया कांड आदि अनगिनत , गुनाह पर पहले ही फैसले आ चुके हैं । तो पाठक ये भी सोच रहे होंगे की इस लेखिका को शायद पता ही नहीं तभी तो ये लिख रही की चलो किसी ने तो आवाज़ उठाई । जी नहीं! मैं जिस बलात्कार विषय पर आज आवाज़ उठाई हूँ वह बलात्कार भिन्न तरह का है । तो चलिए , मैं आपके मन में उठे सवाल को नजरंदाज करते हुए पुनः वही लाईन दोहराऊंगी...।

चलो किसी ने तो आवाज़ उठाई उस घिनौने कृत्य पर जिसे हम बलात्कार कहते हैं । अब समझिये मैं किस तरह के बलात्कार और किसके साथ किये गये बलात्कार की बात कर रही हूँ ।

मैं यहॉं किसी इंसान के साथ होने वाले घिनौने कृत्य की नहीं बल्कि बात कर रही हूँ उन बेजूबान जानवरों के साथ होने वाले कृत्य की जिसे कभी खबरों की सुर्खियों में या किसी भी सोशल मीडिया में भी दिखाया ही नहीं गया । भाई अब सोचने वाली और सच कड़वी बोलने वाली बात यह है ना की , इस ओर कभी किसी का ध्यान गया होगा तो ही इस विषय पर कोई कुछ बोल पाएगा ना । क्यों सही कह रही ना पाठकों मैं ? हाल ही मे एक शहर , भारत देश का शहर , नाम तो नहीं जानती शहर का पर दिल्ली के आस-पास का ही कोई क्षेत्र था वहॉं का एक वीडियो सोशल मीडिया पर मेरी आंखों के सामने आया , तो मैं सब काम भुला के उस वीडियो पर उठाई हुई आवाज़ जिसमें आंसूओं संग दर्द भरी चित्कार पर ध्यान केन्द्रित पर कान लगा सुनने लगी । इतना जाहिर था कि वो उठाई आवाज़ जिसमें दर्द-ए चित्कार व आंसूं समाए थे वो किसी महिला के ही थे । महिला का चेहरा नहीं दिखाया गया । वीडियो बनाने वाले ने पास खड़े होकर महिला के पीछे से शायद चोरी-छिपे वीडियो बनाया होगा और पोस्ट कर दिया सोशल मीडिया पर । चलिए अब जानते हैं की आखिर वो वाक्या क्या है जिसमें भिन्न तरीके के बलात्कार के लिए आवाज़ उठाई गयी , जिसने मुझे भी यह सोचने पर विवश कर दिया की सच मेरा भी ओरों की तरह कभी इस विषय पर ध्यान क्यों नहीं गया ? अब आगे सुनिये...

दरअसल एक महिला एक ग्वाले की खुली छत के नीचे बनी गौशाला के पास से गुजर रही थी , तब उसने देखा कि एक गाय को समीप के पेड़ व एक खूंटी के सहारे बॉंध दिया गया है और उस गाय के मालिक अर्थात पशु पालक ने चार बैल उसके इर्द-गिर्द छोड़ दिये हैं... पुनः ध्यान दीजिएगा गाय को बॉंधा व बैल छोड़े गये और वो बैल कभी कोई तो कभी कोई उस गाय के ऊपर चढ़ संभोग बनाने की कोशिश कर रहे हैं । गाय खूंटी से बंधी होने के कारण बस यहॉं से वहॉं खिसक अपने सामर्थ्य अनुसार बल लगा कर धकेल रही बैलों को तब उस महिला को ऐसा लगा मानो वो गाय नकार रही उस संभोग के नाम पर उसके साथ होने वाले बलात्कार को जो उस समय उसकी स्वेच्छा के बिना ,मतलब की ज़बरदस्ती करवाया जा रहा था उसकी इच्छा के विरुद्ध । बस ये मंज़र देख वो महिला इतनी पीड़ा से भर गयी और वहां खड़े ग्वाले के उपर भड़क गयी साथ ही गाय को आज़ाद करने की मांग करने लगी । देखते ही देखते वहां इंसानों की भीड़ लग गयी और एक ने तो वीडियो बनाकर अपलोड़ कर सोशल मीडिया पर शायद ये सोच कर डाला होगा कि इस ओर शायद किसी का ध्यान जाए । तो सच सही सोच थी, मैं भी इस कोशिश में अपनी कलम के माध्यम से आहुति दे रही हूँ , शायद मेरे लिखे शब्द पढ़ कोई पशुपालक ऐसा न करें आज ये वीडियो देख बीते बचपन के उस समय में खो गई जब मैं पढ़ाई से बचने के लिए अपनी दादी मॉं के साथ रोज़ शाम के समय दूध लेने गौशाला जाती थी । वहॉं दादी और ग्वाला बात करते रहते जब तक दूध ग्वाला निकाले और दे । इस बीच में अक्सर मेरी दादी कहती थी कि गाय को बच्चा कब होगा ? हमें तो चिक्की का दूध चाहिए गाय का । तब पशुपालक बताता कि चार-पांच दिनों से ही बैलों के साथ खुला छोड़ देता है वो गायों को तब ये बात मुझे बिल्कुल समझ नहीं आती थी पर अब समझ आया कि वो क्यों छोड़ता था रात भर । यहॉं ग्वाला अपने स्वार्थ के लिए अपना फायदा देखते हुए दो बैलों संग जबरदस्ती गाय का बलात्कार करवाते । यदि हम इंसानों कि दुनिया में झॉंके तो जब स्त्री या पुरुष का मन नहीं हो फिर भी जबरदस्ती किया जाए तो वो पीड़ा दायक ही होता है संभोग और न ही उसमें आनंद की अनुभूति होती । तो यही बात भी पशुओं पर लागू होती है । सच उस बहन के आंसू दर्द व्यर्थ नहीं गये । उसके आंसूओं और दर्द ने जो कि एक गाय के साथ कराए जा रहे दुर्व्यवहार के लिये थे उसने मेरे हृदय और मेरी कलम को भी छलनी करके रख दिया जिससे लिखने को आतुर हो गयी मेरी कलम दर्द किसी ओर का घायल जज़्बात मेरे और मेरी कलम के ।




**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर, महाराष्ट्र

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## बेटी हूं

बेटी हूं, खुश हूं बेटी हूं,दुखी हूं।
खुद के अस्तित्व को पा रही हूं,
बेटी हूं, खुश हूं।
दुनिया के दूषण के कारण,
मां-बाप को होने वाली चिंता से,
बेटी हूं, इसलिए दुखी हूं।
मां के स्नेह के साथ और,
पिता के अटूट विश्वास के साथ,
स्वप्न को साकार कर रही हूं,
बेटी हूं, इसलिए खुश हूं।
अनेक अवरोध और मर्यादा होने से,
बेटी हूं,दुखी हूं।
बेटी के व्यक्तित्व के साथ,
मम्मी-पापा के प्यार को पा रही हूं,
बेटी हूं, खुश हूं।
अंत में प्रकृति की अद्भुत रचना है
बेटी हूं,खुश हूं बेटी हूं,खुश हूं।


**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## यही तो मजा है

अंधेरे और दिन के लिए
फर्क सिर्फ इतना है
अँधेरा तो अँधेरा है
यह दिन का उजाला है
आप रात में रोशनी देख सकते हैं
यदि आप दिन में
अपनी आँखें बंद करते हैं
हम अंधेरा देख सकते हैं
इसलिए. क्या आपको एक
रात की ज़रूरत है?
वहाँ है दिन हमारा है
इसकी जरूरत है
लेकिन...हम सोने के लिए
सिर्फ अंधेरे की तलाश नहीं करते
दिन के उजाले की तलाश में
जागते रहो
अपनी आँखें बंद करें
काला पड़ना
अच्छे से सो...
हम आलस्य का क्रम हैं...


**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई,
तमिलनाडु

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## विरह गान

तेरे बिन सुनी.....लगे ये रातें है
इंतज़ार करती मेरी आँखें है
(2)
हे दिकु......में तुम्हें चाहूं
में तुम्हें चाहूं
तेरे बिन सुनी.....लगे ये रातें है
इंतज़ार करती मेरी आँखें है
(2)

कैसे निभाएंगे प्रीत ओ साजन
में हूँ कमीभरा, तुम हो निरंजन
(2)
हे दिकु......में तुम्हें चाहूं
में तुम्हें चाहूं
तेरे बिन सुनी.....लगे ये रातें है
इंतज़ार करती मेरी आँखें है
(2)

तेरी राह में आँखें है बरसी
तुजे देखने को, ये है तरसी
(2)
हे दिकु......में तुम्हें चाहूं
में तुम्हें चाहूं
तेरे बिन सुनी.....लगे ये रातें है
इंतज़ार करती मेरी आँखें है
(2)

कठिन है जीवन पर, संयम से रहूंगा
तुम से किया वादा, में पूरा करूँगा (2)
हे दिकु......में तुम्हें चाहूं
में तुम्हें चाहूं
तेरे बिन सुनी.....लगे ये रातें है
इंतज़ार करती मेरी आँखें है


**प्रेम ठक्कर**
सूरत
गुजरात

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## छत्तीसगढ़ के किसान बेटा

हावँव भले करिया, सब ले बढ़िया अँव रे।
छत्तीसगढ़ के बेटा, छत्तीसगढ़िया अँव रे।।
बड़े बिहिनिया नाँगर धर के, करथौं खेती-किसानी।
दिनभर तन ला अपन तपाथौं, अइसे मोर जिनगानी।
पढ़ें लिखे मा भले अड़हा अँव रे।
छत्तीसगढ़ के बेटा छत्तीसगढ़िया अँव रे।।
धनहा डोली ओलहा भर्री, माटी हावय मटासी।
डबरी खाल्हे रोपा लगाथौं, ऊपर भाँठा ल बियासी।
काम बुता करे मा बने खरतरिहा अँव रे।
छत्तीसगढ़ के बेटा छत्तीसगढ़िया अँव रे।।
आनी बानी के नइ खावौं, मैं हा मेवा मिठाई।
बड़े बिहिनिया अँगरा रोटी, पोथे गा मोर दाई।।
बोरे बासी चटनी के खवइया अँवे रे।
छत्तीसगढ़ के बेटा छत्तीसगढ़िया अँव रे।।


**राजकुमार निषाद राज**
बिरोदा धमधा जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# एक ईश्वरवाद के सन्त रैदास

संत रविदास जी का जन्म काशी में माघ पूर्णिमा को दिन रविवार को संवत 1398 को हुआ था।

इस सम्बन्ध मे एक दोहा प्रसिद्ध है- चौदह सौ तैंतीस कि माघ सुदी पन्दरास। दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री रविदास। उनके पिता संतोख दास तथा माता का नाम कलसां देवी था। उनकी पत्नी का नाम लोना देवी बताया जाता है।

संत रविदास जी ने सन्तों की संगति करके बहुत गहरा और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया था। वे जूते बनाने का कार्य किया करते थे।यही उनका व्यवसाय था और इस काम को वे पूरी निष्ठा लगन तथा परिश्रम से करते थे तथा सही समय पर वे काम पूर्ण कर देते थे।ऐसे माहन संत और समाज सुधारक, एकात्मवाद और आध्यात्म का संदेश देने वाले सन्त रविदास महापुरुष तो थे ही।वे एक सच्चे समाज सुधारक भी थे। और सन्त के रूप में भी अपने आप को स्थापित किया था।सन्त रविदास आध्यात्म की बात करते थे। दर्शन की बात करते थे।आत्मज्ञान की बात करते थे।एकता और भाईचारा की बात करते थे।जिन्होंने समाज मे फैली कुरीतियाँ आडम्बर और जात-पात,ऊंच-नीच की भावनाओं को दूर करने का पुरजोर प्रयास किया।

इन्होंने अपने आध्यत्मिक ज्ञान के वचनों से मानव समाज को एकता भाई-चारा का सुंदर उपदेश दिया।इनके अंदर आध्यात्मिक ज्ञान कूट- कूट कर भरी हुई थी।इनको आत्म ज्ञान भी था। इसीलिए इन्होंने आत्मज्ञान को सर्वश्रेष्ठ बताया।इन्होंने जीवन भर समाज को सुधारने का प्रयास किया।जिस समय इनका जन्म हुआ था उस समय समाज मे जाति धर्म के नाम पर खूब अनीति,अन्याय,अत्याचार हुआ करता था। ऊँची जातियों का बोल-बाला



था।छोटी जाति के लोगों को हेय कि दृष्टि से देखा जाता था।और इस कारण वो बहुत दुखी और व्यथित रहते थे।और इसीलिए वे कहते थे-

जाति-जाति में जाति हैं,
**जो केतन के पात।।**
**रैदास मनुष ना जुड़ सके,**
**जब तक जाति न जात।।**
**मन ही पूजा मन ही धूप ।**
**मन ही सेऊँ सहज सरूप॥**
**ऐसा चाहूं राज मैं,**
**मिले सबन को अन्न।।**
**छोट-बड़ो सब सम बसे,**
**रविदास रहे प्रसन्न ॥**

सन्त रविदास ने ईश्वर भक्ति भावना के नाम पर किये जाने वाले आडम्बर कुरूतियों को लड़ाई झगड़ों को निरर्थक बताया।उन्होंने भाईचारा से रहने का सुंदर सन्देश दिया।

उन्होंने एक ईश्वर पर बल दिया।इसी में विस्वास किया।और इसी एक ईस्वर में ध्यान भजन कीर्तन किया करते थे।वो कहते थे-

राम,कृष्ण,करीम,रहीम,अल्ला,खुदा सब एक ही परमेश्वर के अलग-अलग नाम है।जितने भी धर्म ग्रन्थ हुए हैं उन सभी ने उसी परमेश्वर का गुणगान स्तुति हुई है।

वो कहते थे-

**कृस्न, करीम, राम, हरि,**
**राघव,जब लग एक न पेखा।**
**वेद कतेब कुरान, पुरानन,**
**सहज एक नहिं देखा ॥**
**चारो वेद के करे खंडौती ।**
**जन रैदास करे दंडौती।।**

इस प्रकार से यह कहा जा सकता है कि सन्त रविदास की भक्ति-भावना व दर्शन-उपदेश उच्च कोटि का हुआ करता था।

उन्होंने यह कहा कि-

ईस्वर को प्राप्त करने का एक मात्र उपाय है सदाचार,परोपकार, अभिमान का त्याग और विनम्र होना।

तभी तो उन्होंने यह कहा-

**कह रैदास तेरी भगति दूरि है,**
**भाग बड़े सो पावै।**
**तजि अभिमान मेटि आपा पर,**
**पिपिलक हवै चुनि खावै।।**


**अशोक पटेल आशु**
तुस्मा,शिवरीनारायण छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# नगर निगम की सामान्य सभा में छाया स्वच्छता,नाली व डामरीकरण का मुद्दा






- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

नगर निगम की सामान्य सभा गुरुवार की दोपहर 12 बजे से सरगुजा सदन में सभपति अजय अग्रवाल की उपस्थिति में शुरू की गई। बैठक हंगामेदार रहा। विपक्ष के पार्षदों ने सत्ता पक्ष पर डामरीकरण व नाली निर्माण कार्य में भेद भाव का आरोप लगाया। विपक्ष का कहना था कि नाली निर्माण, सडक् का निर्माण कार्य नहीं होने व शहर के शौचालयों की स्थिति जर्जर व गंदगी पसरे रहने के कारण ही नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण में नीचे गिर गया। स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम शहर के हर गली मोहल्ले का निरीक्षण करता है। इस पर सत्ता पक्ष की ओर से पीडब्ल्यूडी प्रभारी शफी हमद ने नाली निर्माण व डामरीकरण कार्य में भेदभाव के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि आज से दस वर्ष पूर्व नगर निगम की स्थिति काफी खराब थी। नाली जाम, पानी की समस्या रहती थी। हमारी निगम सरकार ने निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में नंबर वन लाने का काम किया। इस बार निगम आयुक्त के लागातार तबादला व जिम्मेदारी के साथ काम नहीं किए जाने के कारण ही सर्वेक्षण सूची से नीचे पहुंच गए हैं। इस में सभी को मिलकर काम करना होगा। विपक्षी पार्षदों ने स्वच्छता सर्वेक्षण निगम को पिछडने् व शहर में सही से सफ सफाई का कार्य नहीं कि बाद पर महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि सफाई कार्य के निगरानी के लिए सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसके बावजूद भी सफाई कार्य नहीं सुधार रहा है। उन्होंने कहा कि जिस वार्ड में गंदगी खिती है उस वार्ड व क्षेत्र के सुपरवाइजर का वेतन काटा जाए। इस पर पक्ष व विपक्ष दोनों की सहमती बनी। वहीं विपक्ष के पार्षद मधुसुदन शुक्ला ने सदन में मामला उठाया कि शहर की तालाब की स्थित खरराब है। शहर की सभी तालाबों को सौंदर्यीकरण के नाम पर सूखा दिया गया है। तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर शासन के पैसों को पानी में बहाया गया है। उन्होंने सत्ता पक्ष को घेरते हुए कहा कि 9 साल में एक भी निगम की उपलब्धी नहीं है। एक भी निर्माण कार्य नहीं कराए गए हैं। सारी की सारी योजनाएं केन्द्र सरकार की है।

## 152 प्रतिशत के तहत पट्टा वितरण में गड़बड़ी का आरोप

भाजपा समर्थित पार्षद आलोक दुबे ने शासन के नियम के तहत नजूल भूमि पर 152 प्रतिशत के तहत पट्टा देने के मामले में फर्जीबाड़ा का आरोप लगाया। आलोक दुबे ने कहा कि 152 प्रतिशत पट्टा वितरण के दौरान कोई भी नियमों का पालन नहीं किया गया है। पट्टा के लिए 1578 लोगों को एनओसी दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नजूल भूमि पर कोई भी शासकीय निर्माण के लिए भूमि नही मिलेगा। जबकि शासन के नियम के तहत वर्ष 2017 से पूर्व नजूल भूमि पर काबिज लोगों को पट्टा दिया जाना था। इसके लिए न तो लोगों का बिजली बिल का भुगातन की स्थिति देखी कई और न संपत्ति व सामेकित कर की जांच की गई केवल एनओसी दे दिया गया। इसमें भू-माफिया पूरी तरह से सक्रिय रहे। इस पर सत्ता पक्ष की ओर से पीडब्ल्यूडी प्रभारी शफी अहमद ने कहा कि मामले की जांच के बाद पट्टा निरस्त करने व राशि राजसात किए जाने की बात कही है। विपक्षी पार्षदों ने कहा कि सामान्य सभा में केवल हंसी-ठिठोली होती है। निर्णयों को हमल नहीं किया जता है। पिछले सत्र में भी कई निर्णय लिए गए थे और कार्रवाई की बात कही गई थी। पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी द्वारा कोई पहल नहीं किया गया। इस पर महापौर व पीडब्ल्यूडी प्रभारी शफी अहमद ने कहा कि ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

## रिंग रोड बना एक्सीडेंटल जोन

सत्ता पक्ष के पार्षद प्रमोद चौधरी ने एक्सीडेंट जोन में सडक् हादसे को रोकथाम के मुद्दा उठाया। इस पर सत्ता व विपक्ष के पार्षदों ने एक राए होकर कहा कि शहर में आए दिन मार्ग को वनवे किया जाता है। इसके लिए निगम से अनुमति व बात तक नहीं की जाती है। वहीं पार्षद प्रमोद चौधरी ने मुद्दा उठाया कि रिंग रोड आबादी क्षेत्रों सें घिर चुका है और रिंग रोड एक्सीडेंट का क्षेत्र हो चुका है। बाइपास का प्रावधान रखा गय है। इस पर पीडब्ल्यूडी प्रभारी ने शफी अहमद ने कहा कि इसके लिए बाइपास का प्रवधान हो गया है। लोगों को मुआवजा का भी वितरण शासन द्वारा किया जा चुका है।

# किसी भी कार्य में सफलता का मूल मन्त्र परिश्रम,लगन एवं निष्ठा

» तीन दिवसीय अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन





- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आईजी अंकित गर्ग ने कहा कि किसी भी कार्य में सफलता का मूल मन्त्र परिश्रम, लगन एवं निष्ठा है, जो मानव के आतंरिक गुणों का विकास करती है। खेलकूद के इस आयोजन से पुलिस में अनुशासन के साथ शारीरिक दक्षता जागृत होगी। कठिन परिस्थितियों में अडिग ना होने की संबल प्रदान करेगी। पुलिस बल के जवान कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं अन्य ड्यूटी में कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर पुलिस विभाग का नाम रोशन कर रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि अंतर जिला खेलकूद प्रतियोगिता में आप सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में और बेहतर प्रदर्शन करें। पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को जिले के लायन आर्डर सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यो को संभालते हुए स्वयं के शारीरिक एवं मानसिक स्थिति को संभालने की भूमिका प्रमुख होती है। जिसके लिए खेल एक अच्छा साधन है। एसपी ने कहा कि अंतर जिला खेलकूद प्रतियोगिता में सरगुजा रेंज के सभी जिलों के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए, फुटबॉल, वॉलीबाल, हॉकी, कबड्डी सहित लगभग 43 खेल का आयोजन किया गया सभी खेल में आप सभी खिलाडियों ने बढ़ चढक़र भाग लिया।

साथ ही अपनी उत्कृष्ट खेल कला का प्रदर्शन किया, खेलकूद प्रतियोगिता से पुलिस जवानों के स्वास्थ्य एवं आपसी परस्पर भावना का विकास होता है। पुलिस अधिकारी-कर्मचारी आतंरिक सुरक्षा बनाये रखने के साथ-साथ अपने कर्तव्य निर्वहन हेतु उपलब्ध संसाधनों से उत्कृष्टता का परिचय दिया जाता है। समापन समारोह के दौरान हिम्मत कार्यक्रम अंतर्गत बच्चियों द्वारा ताइक्वांडो का प्रदर्शन किया गया। ताइक्वांडो के माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास उत्पन्न करने सरगुजा पुलिस द्वारा मुहीम चलाई गई है। तत्पश्चात आईजी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों कों पांरितोषिक प्रदान किया गया, अंतर जिला खेलकूद प्रतियोगिता में जिला बलरामपुर पुलिस टीम को ओवर आल चैंपियन घोषित किया गया। वहीं कार्यक्रम के समापन से पूर्व जिला सरगुजा टीम एवं जिला बलरामपुर टीम के मध्य रस्साकसी खेल आयोजित कराया गया, जिसमें सरगुजा पुलिस टीम 2-1 से विजयी रही। समापन समारोह के अवसर पर संभागीय आयुक्त नगर सेना राजेश पाण्डेय, नगर सेना कमांडडेंट शिवकुमार कठोतिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश कुमार, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, नगर के गणमान्य नागरिक सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

# डीजे संचालकों की ली गई बैठक,दिया कई निर्देश



- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग के सम्बन्ध में उच्च न्यायालय सख्त निर्देश दिए हैं और इसे सख्ती से पालन कराने की बात कही गई है। इसी के तहत गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नायब तहसीलदार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीजे संचालकों की बैठक ली गई। बैठक का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों की पढ़ाई, वृद्धजन, निश्शक्त जनों, रोगियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान में रखते हुए कोलाहाल नियंत्रण अधिनियम 1985 के बारे में ध्यान आकर्षित करते हुए विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य व्यक्तिगत कार्यक्रमों में डीजे संचालन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश के पालन हेतु निर्देश दिए गए। ध्वनि संबंधी उपकरणों का व्यवसाय करने वाले संचालको को ध्वनि उत्पन्न करने वाले लोक संबोधन प्रणाली, संबंधित उपकरणों को एकरूप किराये पर देते है तो उनके द्वारा इसमें ध्वनि सीमक (साउण्ड लिमिटर) के बिना क्रय-विक्रय प्रदाय संस्थापन उपयोग नहीं किये जावे एवं किराये पर नहीं देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया, संचालकों कों यह भी बताया गया कि लोक संबोधन प्रणाली,साउण्ड सिस्टम का उपयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे किसी भी स्थिति में उपयोग न हो इस हेतु विशेष हिदायत दिया गया। इसके अतिरिक्त डीजे संचालक/साउण्ड सिस्टम संचालकों द्वारा किसी भी तरह के वाहन में डीजे लोड कर बजाना अर्थात डीजे से ध्वनि विस्तार किये जाने पर प्रतिबंध के संबंध में विस्तृत रूप से समझाईश दी गई।

# साइकिल रेस में प्रतिभागियों ने जीत के लिए लगाया दमखम

» पुरुष वर्ग में दिव्यांशु और महिला वर्ग में एलिजाबेथ ने प्राप्त किया प्रथम स्थान





- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

मैनपाट महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को साइकिल रेस का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, नगर निगम अम्बिकापुर महापौर डॉ. अजय तिर्की, कलेक्टर विलास भोस्कर, एसपी विजय अग्रवाल तथा जिला पंचायत सीईओ नूतन कुमार कंवर ने अम्बिकापुर के घड़ी चौक से हरी झंडी दिखाकर रेस की शुरुआत की और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। यह रेस घड़ी चौक अम्बिकापुर से शुरू होकर मैनपाट रोड नवापारा कला में समाप्त हुई। कुल 30 किमी में आयोजित इस रेस में राज्य के अलग-अलग जिलों से आए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और जीत के लिए दम लगाया।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में बिलासपुर निवासी दिव्यांशु सिंह ने प्रथम स्थान, रायगढ़ निवासी उदित नारायण प्रधान ने द्वितीय स्थान, रायगढ़ निवासी अतुल प्रधान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में जशपुर निवासी एलिजाबेथ बेक ने प्रथम स्थान, कटघोरा निवासी अनुसुईया ने द्वितीय स्थान और मानिकप्रकाशपुर निवासी प्रियंका मिंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान दसवें स्थान तक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। साइकिल रेस के विजेता महिला एवं पुरूष प्रतिभागियों को जिला प्रशासन सरगुजा की ओर से मैनपाट महोत्सव के पहले दिन नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त महिला और पुरूष खिलाड़ी को 21 हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त महिला और पुरूष खिलाड़ी को 11 हजार रुपए, एवं तृतीय स्थान प्राप्त महिला और पुरूष खिलाड़ी को 51 सौ रूपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा एवं 11 सौ रुपए का सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा।

# लखनपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न

शिविर से पटवारी नदारत



- संवाददाता -
लखनपुर,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा 2.0 के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में आईईसी(सूचना,संचार व शिक्षा) वैन के जरिए सभी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों ने स्वयं अनुभव साझा किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू के द्वारा सिविर में उपस्थित लोगों को विकसित भारत बनाने शपथ दिलाई गई। जिसमे स्थानीय नागरिकों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया, इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी हेतु स्टाल लगाकर संक्षेप में जानकारी दिया गया, साथ ही साथ आवेदकों द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया हितग्राहियों को भवन पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सम्माननीय जनप्रतिनिधीयो व नगरवासियों के साथ ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेंद्र बहादुर पटेल सर,नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे, पार्षद बृजकिशोर पांडेय , ,भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिनेश साहू,विद्यासागर चौधरी एवम् सीएलटीसी नीरज चन्द्राकर तथा निकाय के सभी विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। तो वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा 2.0 में लखनपुर पटवारी संदीप साहनी नदारत रहे। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि उन्हें नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा।

# मंदिर से चोरी करने वाले 2 आरोपियों को थाना भटगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार




- संवाददाता -
सूरजपुर,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जरही निवासी आचार्य देवकी नंदन पाण्डेय ने दिनांक 20.02.24 को थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि जरही स्थित शिव मंदिर परिसर में 19.02.2024 को रात्रि में कोई अज्ञात चोर के द्वारा मंदिर परिसर का ताला तोड़कर मंदिर में रखा 3 नग दान पेटी, अन्य सामग्री, चढ़ावा का पैसा को चोरी कर ले गए तथा दान पेटी व अन्य सामग्री को मंदिर के पीछे स्थित ताला के पास फेंक दिए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चोरी का खुलासा करने डीएसपी रितेश चौधरी के नेतृत्व में थाना भटगांव की पुलिस टीम गठित कर लगाया। पुलिस टीम ने पूरी संवेदनशीलता के साथ अज्ञात चोर की पतासाजी में लगी रही और संदेहियों से बारीकी से पूछताछ की गई। पुलिस की कड़ी पूछताछ पर संदेही राजकुमार पासवान पिता ओमप्रकाश पासरवान उम्र 20 वर्ष निवासी कोरंधा भटगांव एवं छोटू केंवट पिता सदानंद केंवट उम्र 20 वर्ष निवासी हाटमेंट जरही के द्वारा मंदिर में चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि नशे के आदि है, नशा की जरूरत को पूरा करने के लिए पैसे नहीं होने पर मंदिर से चोरी की घटना को अंजाम दिए। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का रकम 2910 रूपये बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, प्रधान आरक्षक करन सिंह नेताम, पूरनचंद राजवाड़े, आरक्षक मनोज जायसवाल, संतोष जायसवाल व महिला आरक्षक प्रीति भगत सक्रिय रहे।

# घर में चोरी के मामले में दो नाबालिग पकड़ाए,सामान बरामद




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सूने मकान में चोरी के मामले में बतौली पुलिस ने दो नाबालिग को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार अमित कुमार सोनी उम्र 33 वर्ष साकिन मेन रोड बतौली द्वारा 31 जनवरी को थाना बतौली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि प्रार्थी का मकान शांतिपारा मुख्य मार्ग में स्थित हैं जो प्रार्थी अपने घर कों उपेंद्र सिंह कों किराये में दिए हैं जो किरायेदार अपने निजी कार्य से 29 फरवरी को गोरखपुर गए हुए थे, की प्रार्थी कों अगले दिन घर का ताला टुटा होने की सूचना प्राप्त होने पर मौके पर जाकर देखने पर घर का ताला टूटा हुआ पाया गया और घर का सामान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी किया जाना पाया गया हैं, प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बतौली में धारा 457, 380 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले के संदेहियो के सम्बन्ध मे पता तलाश किया जा रहा था, मामले मे पुलिस टीम द्वारा 2 विधि से संघर्षरत बालको कों पकडक़र घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किया गया, जो विधि से संघर्षरत बालको द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया गया, जो विधि से संघर्षरत बालको के निशानदेही पर घर से चोरी किया गया सामान गैस चूल्हा, सिलेंडर, मिक्सी एवं अन्य उपयोगी समन कुल कीमती लगभग 30 हजार रुपये बरामद किया गया हैं, विधि से संघर्षरत बालको के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाता हैं, दोनों विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध पूर्व मे भी सरगुजा पुलिस द्वारा चोरी के प्रकरण मे कार्यवाही की गई हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे सहायक उप निरीक्षक भूपेश सिंह, प्रधान आरक्षक फलेन्द्र पैकरा महिला आरक्षक मेरी क्लोरेट आरक्षक विकाश सिंह, राहुल सिंह संजीव चौबे, अमित विश्वकर्मा, राजेश खलखो, अशोक भगत, एहसान फिऱदौशी पंकज लकड़ा शामिल रहे।

# फ्लाइ एश ब्रिक्स में कार्य के दौरान युवती की हो गई थी मौत,संचालक गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सीतापुर में अप्रशिक्षित कारीगरों से बिना सुरक्षा के फ्लाइ एश ब्रिक्स मशीन का संचालन किया जा रहा था। 14 फरवारी को काम करने के दौरान एक युवती मशीन की चपेट में आ गई थी। इससे उसकी मौत हो गई थी। जांच में लापरवाही पाए जाने पर फ्लाइ एश ब्रिक्स प्लांट के संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार अमृतराम उम्र 50 वर्ष ग्राम कोट थाना सीतापुर का रहने वाला है। इसकी बेटी गणेश फ्लाइ एश में काम करती थी। 14 फरवरी को काम करते समय युवती मशीन की चपेट में आ गई थी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर सीतापुर पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस जांच में पाया गया कि प्लांट के संचालक गणेश सोनी द्वारा अप्रशिक्षित कर्मचारियों से बिना सुरक्षा के काम कराया जा रहा था। उपेक्षापूर्ण कार्य से युवती की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी गणेश सोनी को धारा 304 (ए) गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

# पंजाब प्रांत में पहली बार बनेंगी महिला मुख्यमंत्री मरियम नवाज

लाहौर,22 फरवरी 2024। पाकिस्तान की राजनीति में बड़ा बदलाव आने के संकेत मिल रहे हैं। पहली बार पंजाब प्रांत में मुख्यमंत्री पद महिला को मिलेगा। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी और पीएमएल-एन नेता मरियम नवाज पंजाब प्रांत में मुख्यमंत्री बनेंगी। बता दें कि बीते आठ फरवरी को पाकिस्तान में संसदीय और प्रांतीय चुनाव के लिए मतदान कराए गए थे। केंद्र में भी पीएमएल-एन गठबंधन सरकार बना रही है। पंजाब प्रांत में मरियम नवाज को सीएम पद की शपथ दिलाई जाएगी। इसी के साथ मरियम मुख्यमंत्री का पद संभालने वाली देश की पहली महिला नेता होने का गौरव भी हासिल करेंगी।

### पंजाब प्रांत की विधानसभा में नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ

50 वर्षीय नेता मरियम पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं। मरियम के शपथ ग्रहण की चर्चा इसलिए भी अधिक हो रही है क्योंकि आठ फरवरी को चुनावी नतीजों की घोषणा के बाद देश के पांच प्रांतों में पंजाब पहली प्रांतीय विधानसभा है, जिसका उद्घाटन सत्र बुलाने की घोषणा हो चुकी है। शुक्रवार को विधानसभा सत्र की शुरुआत के बाद नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। इसी के साथ नई



सरकार का गठन शुरू होगा।

### नौकरशाहों के साथ बैठकें कर रही हैं मरियम

गवर्नर हाउस के प्रवक्ता ने गुरुवार को जारी बयान में कहा, पंजाब प्रांत के गवर्नर बालीघुर रहमान ने शुक्रवार को पंजाब विधानसभा का सत्र आहूत किया है। खबरों के मुताबिक मरियम को पहले ही मुख्यमंत्री को मिलने वाली सुरक्षा दी जा चुकी है।

आमतौर पर मुख्यमंत्री को मिलने वाला प्रोटोकॉल मरियम को दे दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने प्रांत में अलग-अलग पदों पर सेवा दे रहे नौकरशाहों के साथ बैठकें भी शुरू कर दी हैं।

### पंजाब प्रांत का राजनीतिक समीकरण

बता दें कि पीएमएल-एन ने नवाज के भाई शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री नामित किया है। पंजाब प्रांत में पीएमएल-एन को 137 सीटें मिली हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से समर्थन पाने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों ने 113 सीटें जीतीं।

### आम चुनाव 2024 के परिणाम कैसे रहे?

बता दें कि पाकिस्तान में बीते आठ फरवरी को कराए गए चुनाव काफी दिलचस्प रहे। इमरान खान का समर्थन हासिल कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी सबसे अधिक संख्या में जीते, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वियों ने गठबंधन कर सरकार बनाने का दावा किया। पूर्व पीएम नवाज शरीफ और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के साथ आने के बाद पीएमएल-एन और पीपीपी-पी के साथ कुछ और नेताओं ने मिलकर सरकार बनाने की पहल की है।

# नई दिशा स्कूल में मनाया गया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्मदिन



» केक काट कर स्कूल प्रबंधन के साथ बच्चों ने भोजन किया।

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

21 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर कन्या परिसर रोड स्थित नई दिशा स्कूल में केक कटे एवं भोजन का आयोजन किया गया।

स्कूल प्रबंधन टीम, शिक्षक, शिक्षिका के साथ बच्चों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की छायाचित्र के सामने केक काटे और मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई प्रेषित किया।

शुभकामना एवं बधाई स्वरूप बच्चों ने सामूहिक गायन के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल टीम और उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के साथ भोजन किया और खुशियां मनाई।

इस अवसर पर क्लब फाउंडर प्रीत बाबरा ने कहा कि बच्चों के साथ भोजन का उद्देश्य अपनेपन की भावना का विकास,भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि और सभी समुदाय के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है।

इस अवसर पर अध्यक्ष सोफिया फिरदोसी, सचिव अनुराधा तिवारी, तन्नुदीप बाबरा, रमिंद्र बाबरा, गिनी बक्शी, नसरीन सिद्धकी, संजू सोनी, मीना अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# विद्या मंदिर का वार्षिक उत्सव उल्लास पूर्वक सम्पन्न

- सवाददाता -
अंबिकापुर, 22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।





विद्या मंदिर, का वार्षिक उत्सव उल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ अधयक्ष सुरेन्द गुप्ता, डाक्टर पुष्पा सोनी, अधिवक्ता डीके सोनी, समाज सेवी मंगल पांडे, जयश्री स्वर्णकार जी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीपप्रज्जवलन करके किया,विद्यामन्दिर की संस्थापक सचिव वन्दना दत्ता एव प्रधानपठिका साधना कश्यप, प्रभारी संगीता महापात्र, जयंती खलखो, मोनिका कश्यप, अपर्णा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया, उसके उपरांत सचिब ने विद्या मंदिर में जरूरतमंद बच्चो की शिक्षा में शहर के उन अभिभावकों को जिनमे अंचल सिह, संकल्प भाटिया, आकांक्षा जायसवल जो विदेश में रहते है, और शहर के निशांत गुप्ता, विशाल अग्रवाल शालिनी अग्रवल को धन्यवाद देते हुवे बताया कि सभी के द्वारा और अन्य लोगो के सहयोग से होम टॉउन ग्रूप से विद्या दान महादान में सहयोग किया जा रहा है, विद्या मंदिर में जो शुल्क दे सकते है वो बहुत ही कम शुल्क में अपने बच्चो को पढ़ा रहे है जो नही दे सकते वो निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे है,संस्था का उद्देश्य शिक्षा है व्यवसाय नही, बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजना विद्या मंदिर की है,संस्था के पूर्व छात्र भी बहुत लोग उपस्थित थे, जिसमे छात्रा आर्या सिह ने , परमदीप सिह,उज्ज्वल खत्री ने अपने उद्‌गार व्यक्त किये, कार्यकम का सफल संचालन भी पूर्व छात्रों ने ही किया, बच्चों के द्वारा स्वागत नृत्य, सुआ नृत्य, ओडिसी नृत्य, बंगला नृत्य, प्रहसन और मार्मिक एकाकी बेटी है तो कल है प्रस्तुत किया , किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार, जीना इसी का नाम है, इस गीत को सभी ने सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया, अथितियों में सुरेंद्र गुप्ता, डाक्टर पुस्पा सोनी, ने अपने सम्बोधन में विद्या मंदिर की प्रेरणा स्त्रोत स्व कनक रानी दत्ता को नमन करते हुए निःशुल्क भवन शिक्षा के लिए उपलब्ध कराया गया है बताया, अपने सम्बोधन में डीके सोनी, मंगल पांडे, सी.ए. अतुल गुप्ता, हरमिंदर सिह टिन्नी, विकास वर्मा पार्षद , रासबिहारी मिश्रा, आदिवक्ता सोमशेखर मिश्रा, अभय नारायण पांडे जी ने भी अपने उदगार व्यक्त करते हुवे हर सम्भव सहयोग करने और विद्या दान के लिए इसे एक बहुत सराहनीय प्रयास बताया, इस अवसर पर संस्था के सदस्य, लिलि बसु राय, अनुभा डबराल, एवं अन्य प्रबुद्धजन, गुलाब अग्रवाल, अलका इंगोले, कामना गुप्ता, श्रद्धा खेरपाण्डे, हिना रिजवी, तनुश्री मिश्रा, सुनिधि शुक्ला, रेखा संजीव गणेशपुरकर, प्रफुल्ल महापात्र, मनोज जी एवं अभिभवक उपस्थित थे, विद्या मंदिर , छोटा जरूर है पर सपने विद्यार्थियों के शिक्षिकाओं के बहुत बड़े है, जरूरतमन्दों के बच्चो के लिए ये संस्था समर्पित है, विद्या मंदिर में विगत 10 वर्षो से प्रति शनिवार को भोजन दिया जाता है, समय समय पर सेवा भावी लोग जन्मदीन, अन्य उत्सव पर जरूरतमन्दों को नास्ता , भोजन भी कराते है ।समिति के सदस्यो के सहयोग से ये संस्था चल रही है, विद्या दान महादान के लिए लोग प्रेरित हो रहे है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शासकीय बीमा योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य हेतु जिले की बीमा सखी तरसिला हुई सम्मानित

» कलेक्टर विलास भोस्कर ने दी शुभकामनाएं...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं को सरगुजा जिले के जन-जन तक पहुंचाने के लिए एवं इन बीमा योजना के हितग्राहियों को बीमा क्लेम में सहयोग प्रदान करने के लिए जिले के जनपद पंचायत अंबिकापुर में कार्यरत बीमा सखी तरसिला कुजूर को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा राजधानी रायपुर में आयोजित सरस मेले में प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कंवर के नेतृत्व में ग्रामीणों को शासकीय बीमा योजनाओं में पंजीकृत करने एवं हितग्राहियों के परिवारों को बीमा क्लेम में सहयोग करने के लिए बिहान योजना के अंतर्गत सभी जनपद पंचायतों में बीमा सखी का चयन किया गया है। जनपद पंचायत अंबिकापुर में कार्यरत तरसिला कुजूर द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योती योजना में 2535 रेनुअल व 312 नए पंजीयन एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 2615 व 295 नए पंजीयन कराये गये। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत 6 शोक संतृप्त परिवारों का बीमा क्लेम व जीवन सुरक्षा योजना के 5 शोक संतृप्त परिवारों का बीमा क्लेम कराया गया। तरसिला कुजूर के द्वारा बीमा योजनाओं में राज्य स्तर पर सर्वाधिक क्लेम सेटल कराए गये हैं, इस हेतु उन्हें 20 फरवरी को राजधानी रायपुर में आयोजित सरस मेला में मुख्यमंत्री श्री साय ने सम्मानित किया। बता दें सरगुजा जिले में बीमा सखियों के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 70 बीमा क्लेम जमा कराये गये है जिनमे 48 क्लेम सेटल कराये गये हैं।

# 24 फरवरी को नरेंद्र मोदी सम्बोधित करेंगे प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को

» विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के तहत प्रतापपुर के स्थानीय मिनी स्टेडियम ग्राउंड मे होगा कार्यक्रम का आयोजन

» प्रतापपुर विधानसभा की विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते करेगी सोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन और प्रतापपुर चंदौरा मार्ग का भूमि पूजन

- संवाददाता -
प्रतापपुर,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को संबोधित करेंगे।कार्यक्रम नगर के बस स्टैंड स्थिति मिनी स्टेडियम में होगा जिसमें विधायक शकुंतला पोर्ते के साथ जिले और ब्लॉक के सभी अधिकारी कर्मचारी,जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण मौजूद रहेंगे।कार्यक्रम 24 फरवरी को सुबह 10 बजे के बाद शुरू होगा जिसको लेकर प्रशासन के साथ भाजपा संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।प्रधानमंत्री बड़े स्क्रीन में ऑनलाइन जुड़ेंगे और उद्बोधन के साथ कृषक,विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद भी करेंगें। मिली जानकारी के अनुसार शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़े विभागों द्वारा मैदान में स्टॉल लगाए जायेंगे तथा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित भी कराया जायेगा।नरेंद्र मोदी यहां विधानसभा स्तरीय सभा को भले ही ऑनलाइन संबोधित करेंगे इसे लेकर कार्यकर्ताओं और आम लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह है। इस दौरान प्रतापपुर विधानसभा की विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे मौजूद सोनोग्राफी मशीन का 10 बजे करेंगी शुभारंभ वही 11 बजे प्रतापपुर से चंदौरा मार्ग का करेंगी भूमिपूजन।

# पुलिया पर 2 ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत,ड्राइवर की मौत,3 घायल,एनएच पर लगी वाहनों की लंबी लाइन

- संवाददाता -
बतौली,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



अंबिकापुर-रायगढ़ नेशनल हाइवे पर बुधवार की रात बतौली से लगे ग्राम बेलकोटा स्थित पुलिया पर दो ट्रक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ट्रक का ड्राइवर व दोनों खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृत ड्राइवर को गैस कटकर से वाहन काटकर बाहर निकाला गया, जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर पुलिया पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों के कारण एनएच पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

कोयला लोड ट्रक क्रमांक आरजे 02 जीबी 7167 बुधवार की रात अंबिकापुर तरफ से कोयला लोड कर रायगढ़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान बेलकोटा पुलिया के पास सीतापुर तरफ से अंबिकापुर जा रहे नीलगिरी लकड़ी लोड ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5403 से उसकी जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

हादसे में नीलगिरी लोड ट्रक का चालक सौरभ कुमार निवासी डाल्टेनगंज झारखंड उम्र 30 वर्ष दोनों वाहनों के बीच में फंस गया और उसकी मौत हो गई। वहीं कोयला लोड ट्रक के ड्राइवर, खलासी और नीलगिरी लोड ट्रक के खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची व गैस कटर के माध्यम से वाहनों को अलग कर मृतक का शव निकाला तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। यहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को अंबिकापुर रेफर कर दिया गया।

### काफी मशक्कत के बाद आवागमन बहाल

हादसे के बाद नेशनल हादवे पर जाम लग गया। पुलिया के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्री बसें व छोटे चारपहिया वाहनों को सुबह तक दूसरे मार्ग से आवागमन करना पड़ा। बाद में पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद ट्रकों को हटवाया, इसके बाद उक्त मार्ग पर आवागमन बहाल हो सका।

# तीनदिवसीय मैनपाट महोत्सव के दौरान रोपाखार मैनपाट की विदेशी मदिरा दुकानों को बंद करने हेतु आदेश जारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर द्वारा छत्तीसगढ़ अबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोजित मैनपाट महोत्सव 23 से 25 फरवरी को कानून व्यवस्था एवं लोक शांति को दृष्टिगत रखते हुए रोपाखार मैनपाट में संचालित एफ एल-1 घ घ विदेशी मदिरा दुकान को पूर्णतः बंद रखने हेतु उपरोक्तानुसार दिवसों को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। घोषित शुष्क दिवस में मदिरा का विक्रय एवं परिवहन परोसना पूर्णतः बंद रहेगा।







तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव आज से होगा शुरू

# मुख्यमंत्री साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित शुभारंभ समारोह,कलेक्टर ने लिया अंतिम तैयारियों का जायजा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले के मैनपाट में रोपाखार जलाशय के पास तीनदिवसीय मैनपाट महोत्सव का आयोजन 23 से 25 फरवरी तक किया जा रहा है। तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित है। शुभारंभ अवसर पर 23 फरवरी को कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओ.पी.चौधरी करेंगें। कलेक्टर विलास भोस्कर ने गुरुवार को महोत्सव की अंतिम तैयारियों का जायजा लिया।

महोत्सव में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में छ.ग. शासन के स्कूल शिक्षा,उच्च शिक्षा,संसदीय कार्य,धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व,पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री बृज मोहन अग्रवाल होंगे। इसी प्रकार प्रमुख अतिथि के रूप में छ.ग. शासन के आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री श्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के विधायक रामकुमार टोप्पो, विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के विधायक प्रबोध मिंज, विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के विधायक राजेश अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत के विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, विधानसभा क्षेत्र बैकुण्ठपुर के विधायक भईयालाल राजवाड़े, विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर के विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव के विधायक श्रीमती गोमती साय, विधानसभा क्षेत्र कुसमी के विधायक श्रीमती उध्देश्वरी पैकरा, विधानसभा क्षेत्र जशपुर के विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर के विधायक भूलन सिंह मरावी होंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सरगुजा जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, मैनपाट जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला खेस, मैनपाट ग्राम पंचायत रोपाखार के सरपंच श्रीमती सविता मांझी होंगी।

# हिंदी अखबार के संपादक और जिला प्रतिनिधि को कोरिया स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम ने भिजवाया हाईकोर्ट के वकील से अंग्रेजी में नोटिस

- हिंदी भाषी संपादक और जिला संवाददाता कैसे दें अंग्रेजी नोटिस का जवाब?
- भ्रष्टाचार मामले में डीपीएम स्वास्थ्य विभाग कोरिया के खिलाफ लगातार घटती-घटना में समाचार हो रहा है प्रकाशित
- समाचार से क्षुब्ध होकर डीपीएम संपादक सहित जिला प्रतिनिधि को भेज रहें हैं कानूनी नोटिस, बनाना चाह रहे हैं भय
- डीपीएम स्वास्थ्य विभाग कोरिया लगा रहें हैं पत्रकारों पर अवैध वसूली का आरोप वह भी समाचार प्रकाशित होने उपरांत
- आखिर पत्रकारों पर अवैध वसूली का तब ही क्यों लगाया जाता है आरोप जब समाचार हो जाता है प्रकाशित?
- समाचार प्रकाशित होने से पूर्व क्यों नहीं लगाया जाता अवैध वसूली का आरोप?
- कोरिया जिले के प्रभारी डीपीएम हैं यदि ईमानदार तो क्यों नहीं छोड़ रहे प्रभारी डीपीएम का पद,क्यों नहीं कार्यभार ग्रहण करने दे रहें हैं असल हकदार को?
- जिले के स्वास्थ्य विभाग में लगा रहे हैं लगातार सेंध,भ्रष्टाचार में गले तक डूबे हुए हैं प्रभारी डीपीएम, साबुत उबलब्ध न्यायालय में देगे जवाब




-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर, 22 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में प्रभारी डीपीएम की जिम्मेदारी निभा रहे डॉक्टर ने जिनके ऊपर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगते रहे हैं और मामले सामने आते रहें हैं ने भ्रष्टाचार मामलों में समाचार प्रकाशन को लेकर दैनिक घटती-घटना हिंदी समाचार-पत्र के संपादक सहित जिला प्रतिनिधि को वकील के माध्यम से कानूनी नोटिस भेजा है नोटिस भी उन्होंने अंग्रेजी भाषा में भेजा है जबकि दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र हिंदी भाषी समाचार-पत्र है और जिसके संपादक सहित जिला प्रतिनिधि भी हिंदी भाषी ही हैं। स्वास्थ्य विभाग कोरिया के प्रभारी डीपीएम सहित उनकी पत्नी की तरफ से अलग अलग नोटिस वकील के माध्यम से प्राप्त हुआ है।



बता दें की स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार करते हुए प्रभारी डीपीएम अपना निजी नर्सिंग कॉलेज भी खोले बैठे हैं और जिसका संचालन उनकी धर्मपत्नी के नाम से होता है जबकि संचालन वह स्वयं करते हैं। वैसे जिले के प्रभारी डीपीएम को जिले के प्रभार से स्वयं हट जाना चाहिए था क्योंकि जिले में डीपीएम की पोस्टिंग हो चुकी है लेकिन अपनी ऊंची पकड़ और प्रभाव के बल पर वह अभी भी प्रभारी बनकर काम कर रहे हैं और जिनकी पदस्थापना हुई है उन्हे प्रभार न मिल सके इसका भरसक प्रयास कर रहे हैं। जिले में प्रभारी डीपीएम स्वास्थ्य विभाग को लगातार खोखला करते जा रहे हैं और भ्रष्टाचार का ऐसा इतिहास वह लिखने में लगे हुए हैं जिससे भविष्य में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जायेगी और ठप्प हो जायेगी। प्रभारी डीपीएम के भ्रष्टाचार व अनियमिताएं की कारस्तानियों को लेकर घटती-घटना लगातार खबर प्रकाशित करता चला आ रहा था और अब जब उनकी पोल खुलने लगी है वह संपादक सहित जिला संवाददाता पर झूठा आरोप लगा रहे हैं नोटिस भेजकर डराने का प्रयास कर रहे हैं। दैनिक घटती-घटना समाचार पत्र लगातार भ्रष्टाचार और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाता रहता है साथ ही अपराधों के मामले में भी वह अपनी लेखनी से अपराधियों को अपराध से दूर रहने सचेत करता रहता है। जो विभाग के लिए जांच का विषय है और घटती घटना भी खबर प्रकाशित कर जांच की मांगा कर रहा है पर डीपीएम साहब जांच से घबरा रहे है, समाचारों को लेकर अनुचित किसी मांग या अवैध उगाही का कोई आरोप आज तक सत्य साबित नहीं हुआ जबकि कई बार आरोप लगे। वैसे समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित होने के बाद ही पत्रकारों पर अवैध उगाही का आरोप लगता है अवैध किसी मांग का आरोप वह लगाता है जिसके विरुद्ध समाचार का प्रकाशन किया जाता है। कोई भी आरोप लगाने वाला कभी भी समाचार प्रकाशन के पूर्व अवैध उगाही का आरोप लगाने नहीं आता पत्रकार पर।

### झूठी तारीफ की खबर प्रकाशित करें तब तक ठीक है, जैसे ही किसी की कमियां और गलतियां समाचार में उजागर होती है अवैध मांग का आरोप मढ़ जाता है क्यों?

कुल मिलाकर यदि पत्रकार केवल अच्छाइयों को लेकर ही खबर प्रकाशित करता रहे तब तक किसी को कोई परेशानी नहीं होती लेकिन जैसे ही किसी की कमियां और उसकी गलतियां समाचार पत्र में उजागर की जाती हैं ऐसा व्यक्ति अवैध मांग का एक आरोप मढ़ देता है और खुद को पाक साफ बताने का प्रयास करता है। सबसे ज्यादा आरोप शासकीय विभागों में कार्यरत वह लोग अवैध मांग का लगाते हैं पत्रकारों पर जिनका भ्रष्टाचार से गहरा नाता होता है और जो जानते हैं की उनकी पोल खुलते ही उनके ऐशो आराम में दिक्कत आ जायेगी और वह वेतन भोगी बनकर रह जायेंगे या फिर जेल जाएंगे। ऐसे भ्रष्ट लोग यह भी जानते हैं की उनकी पोल जैसे जैसे खुलते जायेगी उनके जीवन यापन में दिक्कतें आएंगी उनके परिवार को दिक्कतें आएंगी क्योंकि खुद सहित परिवार की विलासिताएं वह वेतन से मात्र पूरी नहीं कर सकते जिसके लिए उन्हें भ्रष्टाचार का ही सहारा लेना है और खुद सहित परिवार के लोगों को भ्रष्टाचार के सहारे ही सुख सुविधा मुहैया कराना है। वहीं उनके भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार के सहारे चल रहे विलासितापूर्ण जीवन में जो अडंगा डालेगा उसके विरुद्ध वह गलत और तथ्यहीन आरोप लगाते रहेंगे और परेशान करने की कोशिश करेंगे।

### भ्रष्टाचार मामलों में पत्रकार का खबर प्रकाशित करना उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती है

आज भ्रष्टाचार मामलों में पत्रकार का खबर प्रकाशित करना उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती है वहीं उसके विरुद्ध कब कौन सा आरोप लग जाए किस मामले में उसे नोटिस भेज दिया जाए या उस पर किसी अपराध को दर्ज कराने का प्रयास किया जाए यह भय हमेशा पत्रकार के साथ बना रहता है। खैर फिलहाल कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम को लेकर यदि बात की जाए तो उन्होंने घटती घटना समाचार पत्र के संपादक और कोरिया जिले के जिला संवाददाता को जो नोटिस वकील के माध्यम से भेजा है वह अंग्रेजी में है और अब हिंदी खबर के लिए हिंदी भाषी व्यक्तियों को अंग्रेजी में नोटिश भिजवाना उनके लिए पुनः एकबार की मेहनत का सबब साबित होगा क्योंकि अंग्रेजी भाषा का ज्ञान न होने के कारण नोटिस का जवाब दिया जाना संभव नहीं है क्योंकि ट्रांसलेटर भी मौजूद नहीं है इसलिए डीपीएम को अब हिंदी में नोटिस भिजवाना होगा तब उचित जवाब की वह प्रत्याशा कर सकते हैं।

### खबर छपने के बाद ही अवैध वसूली का क्यों लगता है आरोप?

जब भी किसी की कमियों की खबर छपती है तो उसे बुरा लगता है पर अपनी कमियों को दूर करने की बजाय खबर प्रकाशित करने वाले पर कैसे काबू पाया जाए यह पहला प्रयास होता है,उसके हिसाब से जिसके विरुद्ध उसकी गलतियों को लेकर खबर का प्रकाशन हुआ रहता है, वहीं जिसके लिए गलत रास्ता तैयार किया भी जाता है झूठी मनगढ़ंत कहानी बनाई जाती हैं और सबसे आसान हो जाता है पैसे मांगने का आरोप लगाना की पत्रकार ने पैसे मांगे थे नहीं मिला तो खबर प्रकाशित कर छवि धूमिल कर रहे हैं इस समय यह मामला आम हो चला है खबर के प्रशासन से तिलमिलाकर लोग यह आरोप लगाने से पीछे नहीं हटते जबकि इनके पास पैसा किस माध्यम से मांगा गया इसकी जानकारी मांगी जाए तो यह भी नहीं दे पाएंगे। यदि किसी खबर प्रकाशन से इतनी ही छवि धूमिल हो रही है तो अपने मूल पदस्थापना पर क्यों नहीं जा रहे हैं प्रभारी डीपीएम अपनी छवि धूमिल करवाने के लिए क्यों प्रभारी डीपीएम बने बैठे हैं? प्रभारी डीपीएम को लेकर नोटिस भेजने मामले में यही कहा जा सकता है की वह साबित कर रहे हैं की वह भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं और उनके पास भ्रष्टाचार का इतना धन है की वह महंगे से महंगा वकील खड़ा कर सकते हैं और किसी के विरुद्ध भी जो उनके भ्रष्टाचार को रोकने का प्रयास करेगा कानूनी कार्यवाही तय करवा देंगे क्योंकि वह अत्यंत सक्षम हैं। वैसे डीपीएम से क्या अवैध उगाही का प्रयास हुआ कब हुआ किस माध्यम से हुआ किस जगह हुआ यह उन्हे बताना चाहिए।

### यदि खबर छपने से पहले मांगा जाता है पैसा तो फिर शिकायत भी खबर छपने से पहले होनी चाहिए

यदि कोई पत्रकार किसी अधिकारी कर्मचारी से किसी खबर के प्रकाशन को रोकने के लिए पैसा मांगता है तो उसकी शिकायत तत्काल की जानी चाहिए। जैसे ही वह अवैध कोई मांग रखता है और कहता है की मांग पूरी होने की स्थिति में ही खबर का प्रकाशन रुकना चाहिए तत्काल कानून की मदद ली जानी चाहिए ऐसे लोगों को जिनसे मांग की गई। दैनिक घटती घटना एक समाचार पत्र है जो की दिनभर की खबरों सूचनाओं के आधार पर देर रात प्रकाशित होता है, तत्काल प्रकाशन इसमें संभव ही नहीं है ऐसे में प्रभारी डीपीएम को चाहिए था की यदि संवाददाता ने अवैध मांग की तत्काल कानून का सहारा वह लेते और खबर प्रकाशन से पूर्व ही वह शिकायत दर्ज कराते। वैसे उनसे कोई अवैध मांग की ही नहीं गई है वह इससे भली भांति अवगत हैं वहीं वह अपने वकीलों से भी इस बात को छिपा रहे हैं ऐसा माना जा सकता है। मय सबूत खबर प्रकाशन के पूर्व उन्हे शिकायत करनी थी अवैध मांग यदि हुई थी और खबर प्रकाशन के बाद उनका आरोप वैसे भी निराधार है क्योंकि मांगने वाला प्रकाशन का उद्देश्य रखेगा ही नहीं खासकर घटती घटना निष्पक्षता का पक्षधर है सच का सिपाही है वह निडरता से खबर का प्रकाशन करता रहेगा चाहे नोटिस जितनी आए।

### नई बात नहीं है अवैध उगाही का आरोप लगना

पत्रकारिता पेशे में अवैध उगाही का आरोप लगना नई बात नहीं है,भ्रष्टाचार और अपराध को सच का सामना करना भयभीत करता है इसलिए वह हमेशा इस प्रयास में लगे रहते हैं की सच को कुचला जा सके उसे दबाया जा सके वहीं पहले वह खुद सच को खरीदना चाहते हैं लेकिन जब वह बिकने से मना कर देता है उसे अपने अधीन करने वह षडयंत्र करने लगते हैं और फिर मान हानि अवैध उगाही का आरोप पत्रकार पर लगने लगता है और उसे परेशान किया जाने लगता है।

# विधायक रेणुका के प्रयास से क्षेत्र में विकास का लिखा जाएगा नया अध्याय:रमेश तिवारी

## विधानसभा क्षेत्र में 9 डाक्टरों व दो सड़कों की मिली सौगात जनता ने विधायक का जताया आभार



-संवाददाता-
कोरिया सोनहत,22 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के मांग पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व राज्य सरकार ने भरतपुर सोनहत विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 9 एमबीबीएस डॉक्टरो की पोस्टिंग की है।

जिसके बाद भाजयुमो जिला मंत्री कोरिया व युवा नेता रमेश तिवारी ने बयान जारी कर कहा कि आदिवासी बहुमूल्य क्षेत्र की विकास के लिए पूर्व में भी भाजपा सरकार में अकल्पनीय कार्य हुए है,इस क्षेत्र के विकास के लिए वर्तमान में भी विधायक रेणुका सिंह दृढ़ संकल्पित है, भरतपुर सोनहत क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं व शिक्षा तथा बिजली पानी सड़क जैसी व्यवस्था को दुरुस्त करवाने तथा समस्याओं को जड़ से मिटाने को लेकर विधायक रेणुका सिंह बड़े स्तर से जानकारी एकत्रित कर काम कर रही है। अभी प्रदेश में भाजपा की विष्णु सरकार को बने लगभग दो महीने हुए हैं। समय बहुत है आने वाले दिनों में क्षेत्र में विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। और मोदी की हर गारंटी को पुरा किया जाएगा। वर्षों की मांग दो महीने में हुई पूरी- रमेश ने कहा कि पुसला से अगवाही व पुसला से केराझरिया पहुंच मार्ग पर सड़क की मांग पिछले कई वर्षों से ग्रामीण कर रहे थे जिसे क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह ने 2024-25 के बजट में शामिल करवा कर क्षेत्र की जनता कि वर्षों की सपने को साकार किया है, चुनाव के दौरान जो वादे भाजपा ने किया था उस ओर विधायक का पहला सराहनीय कदम है, तिवारी ने कहा कि क्षेत्र की जनता कि ओर से मुख्यमंत्री, मंत्री व विधायक रेणुका सिंह का आभार व्यक्त करते हैं।



# सूरज सिंह परिहार हो सकते हैं कोरिया के सफल कप्तान...पदभार ग्रहण करने के पहले ही दिन चोरों ने दिया था चोरी की वारदात को अंजाम,दी थी चुनौती

### कोरिया पुलिस अधीक्षक ने घटती-घटना के खबर पर संज्ञान लिया और 48 घंटे में ही चोरी के मामले को सुलझा लिया

### मध्यप्रदेश के बैढ़न के निकले चोर, 4 चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, सायबर सेल टीम की भूमिका रही अहम

### चोरी की वारदात सुलझाने में जब्त हुई चोरी गई पूरी सामग्री,पहली बार जब्त हुई चोरी गई पूरी सामग्री-सूत्र

### पहले चोरी के मामलों को सुलझाने के दौरान कभी जब्त नहीं होती थी चोरी गई पूरी सामग्री,पूरी सामग्री जब्त होने पर भी नए पुलिस अधीक्षक की हो रही प्रशंसा

## 18 फरवरी रात को हुई थी चोरी, 22 फरवरी को ही चोर पहुंचे सलाखों के पीछे

पटना थाना क्षेत्र में 18 फरवरी की देर रात एक ज्वेलरी दुकान में चोरी की घटना घटी और जिसमे चोरों ने ज्वेलरी सहित लाखों का सामान दुकान से पार कर दिया था। नए पुलिस अधीक्षक ने चोरों को पकड़ने टीम गठित की और टीम ने 22 फरवरी तक मामले को सुलझाते हुए चोरों को सलाखों के पीछे भेज दिया। बता दें की पुलिस ने महज 48 घंटो में ही मामले को सुलझा लिया और सारी कार्यवाही गिरफ्तारी कर पुलिस ने 22 फरवरी को चोरों को जेल भेज दिया।पूरे मामले में पुलिस की तत्परता सराहनीय मानी जायेगी वहीं नए पुलिस अधीक्षक का नेतृत्व उनकी अपराध को लेकर गंभीरता की भी सराहना करनी होगी क्योंकि उन्होंने चोरों को कोई मौका नहीं दिया की वह चोरी की सफल घटना को अंजाम देकर ज्यादा देर तक भाग सकें या छिप सकें।

## चोरी की घटना जिसे पुलिस ने तत्काल सुलझाया, चोरों को जेल पहुंचाया

कोरिया जिले के पटना थाना अंतर्गत ग्राम रनई स्थित लालकुंवर ज्वेलर्स एंड मेटालाइज शोरूम का शटर लॉक तोड़कर चोरी के आरोप में पुलिस के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नए पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया की चोरी की घटना के बाद कुछ ही घटों में चोरी गई सामग्री बरामद कर ली गई,उन्होंने घटना के बाद टीम गठित की, पुलिस टीम ने बारीकी से घटना स्थल का मुआयना किया गया और चोरी की घटना सुलझाने और चोरों को पकड़ने सामग्री सहित विवेचना आरंभ की। दुकान मालिक का बयान लिया गया जिसमे उसने बताया की 18 फरवरी को रात्रि में डेढ़ से तीन बजे के बीच मकान स्थित शो रूम का शटर लॉक तोड़कर चांदी एवम अन्य आभूषण के जेवरात कुल रकम 4 लाख 14 हजार रुपए का चोरी किया हुआ है।डिब्बे जार जिसमे ज्वेलरी रखी हुई थी उसे भी बाहर फेंक दिया गया है।इसके पश्चात कोरिया पुलिस ने विवेचना प्रारंभ की और सभी संदेहियों से पूछताछ शुरू की गई,उच्च स्तरीय विवेचना में महज कुछ घंटो के अंदर ही दिनांक 21 फरवरी को सभी आरोपी जगदीश बसोर,दलसाय बसोर,रामस्वरूप उर्फ गोपी,धर्मेंद्र बसोर, को गिरफ्तार कर उनके पास से 11.5 किलो ग्राम चांदी एवम 1.400 किलोग्राम आर्टिफिशियल ज्वेलरी कुल कीमत 4 लाख 14 हजार रुपए एवम चोरी में संलिप्त वाहन टाटा इंडिका कार वाहन क्रमांक एम पी 66 सी 2719 को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड के लिए भेज दिया गया।

## चोरों ने कैसे दिया चोरी की घटना को अंजाम

कोरिया पुलिस की टीम द्वारा थाना पटना प्रभारी शीतल सिदार एवं उनकी टीम द्वारा चोरो से वारदात करने के तरीके की पूछताछ पर उन्होंने बताया कि दिनांक 17 फरवरी को सिंगरौली से कुदरगढ़ में दर्शन के बहाने चोरी की नियत से भैयाथान आये। भैयाथान में ज्वेलरी शाप में चोरी का प्रयास करने पर वहा के दुकान मालिक और अन्य लोगो को भनक लगी जिनके द्वारा पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन सभी चोरी के आरोपी वहा से भाग निकले। आगे चलकर गाड़ी पंचर होने से उसे बनवाने की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वह भैयाथान से पटना आ गए। दिनांक 18 फरवरी को पटना में ट्रैक्टर की सहायता से गाड़ी को टो करके सूरजपुर आ गए। गाड़ी के बनने के बाद 18 फरवरी की रात रनई में सबसे पहले एक शाप में मेंटल एवं ज्वेलरी शाप बॉसपारा में चोरी का प्रयास किये किन्तु उक्त दुकान में बर्तन की सामग्री होने से वहा चोरी नहीं किये फिर इसके बाद लालकुवर ज्वेलर्स एन्ड मेटालाइज में शटर का लॉक तोड़कर चोरी किए जिसमे इन्होने अपने गाड़ी चालक धर्मेंद्र को आगे इंतजार करने को कहां और शेष 3 चोरी के आरोपी चैन बनाकर सभी सामान को दुकान से बाहर निकलकर लगभग 7-8 किलोमीटर पैदल चले फिर गाड़ी में बैठकर भाग निकले।



-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर, 22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)। कोरिया जिले में नए पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना हुई और उन्होंने जिस दिन कार्यभार ग्रहण किया उसी दिन चोरों ने उन्हे चुनौती दे डाली और पुलिस थाना पटना क्षेत्र में चोरों ने एक ज्वेलरी दुकान में बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। चोरी दुकान का शटर तोड़कर की गई और चोरी के बाद चोर फरार भी हो गए एवम उन्होंने दुकान की सीसीटीवी का डीवीआर भी अपने साथ रख लिया जिससे उन्हे कोई पहचान न सके और न ही वह पकड़े जाएं। पटना में पहले भी लगातार चोरियों की घटनाएं घट रहीं थीं जो अनसुलझी रह जा रही थीं जिसे देखते हुए यह लग रहा था की इस बार भी चोरी की घटना में चोर पकड़े नहीं जायेंगे और वह आगे फिर किसी बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देंगे। घटती घटना ने नए पुलिस अधीक्षक के आगमन पर खबर प्रकाशित कर यह उम्मीद जताई थी की वह शायद सफल कप्तान साबित होंगे और पटना पुलिस थाना क्षेत्र में लगातार घट रही चोरी की घटनाओं पर विराम लग सकेगा और चोर पकड़े जाएंगे और लोग निश्चिंत रहकर निडरता से कानून व्यवस्था के सहारे जीवन यापन कर सकेंगे,घटती घटना की नए पुलिस अधीक्षक से की गई उम्मीद सही साबित हुई और नए पुलिस अधीक्षक ने आखिरकार पटना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर अपने कार्यभार ग्रहण करते ही विराम लगाना शुरू कर दिया और कार्यभार ग्रहण करने के ही दिन हुई बड़ी चोरी की घटना को उन्होंने सुलझा लिया और मध्यप्रदेश के बैढ़न के चार चोरों को चोरी गई पूरी सामग्री के साथ गिरफ्तार कर लिया। नए पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यभार ग्रहण करते ही हुई बड़ी चोरी की घटना जो पटना के एक ज्वेलरी दुकान में हुई उसे चुनौती के रूप में ही स्वीकार किया और महज 48 घंटो के भीतर ही उन्होंने चोरों को धर दबोचा और पूरा चोरी गया दुकान का सामान भी पुलिस ने चोरों से बरामद कर लिया। पटना पुलिस थाना क्षेत्र में विगत कई महीनों के दौरान कई दुकानों के ऊपर की सीट तोड़कर या शटर तोड़कर चोरी की घटनाएं घटित हो रही थीं जो अनसुलझी ही हैं आज तक और अब वह मामले भी सुलझ जायेंगे यह विश्वास लोगों का नए पुलिस अधीक्षक की तरफ बढ़ा है।



घटती घटना | कोरिया-समाचार | अम्बिकापुर , मंगलवार 20 फरवरी 2024 | 5

नए पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल के प्रथम दिन ही चोरों ने दिया बड़ी चोरी के वारदात को अंजाम !

क्या कोरिया के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक को पदभार ग्रहण करते ही चोरों ने दी चुनौती...हुई आठ लाख की चोरी ?

क्या इस बार कोरिया पुलिस नए पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सुलझा पाएगी चोरी की गुत्थी ?

मामले में डॉग स्क्वायड की भी ली जा रही मदद,कुत्ता वारदात मामले में सहायक मात्र,वह भी सूत्रों का है कहना

चोरी जिसके घर हुई उसके घर के सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को भी ले गए चोर,पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी से सुराग जुटाने में लगी

पटना क्षेत्र में लगातार हो रही है चोरी की घटना, अब तक पुलिस किसी भी मामले में चोरी का मामला सुलझा पाने में रही है असफल क्यों ?

बार पुलिस थानों के जिले में चोरों के हौसले इतने बुलंद की राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दुकान में कर डाली चोरी

## मप्र के सिंगरौली के निकले आरोपी

कोरिया पुलिस की टीम द्वारा सभी स्थानों का बारीकी से निरीक्षण कर सभी आरोपियों के पता तलाश के लिए जांच पड़ताल किया गया। चारों आरोपियों के जिला सिंगरौली मप्र के होने की जानकारी प्राप्त हुई जिस आधार पर तत्काल एक टीम उन आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए सिंगरौली जाकर सभी आरोपियों को माल मशरूका सहित गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने टीम में रखा इन पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को,इनका रहा प्रमुख योगदान

सम्पूर्ण कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मॉनिटरिंग में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर कविता ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रविकांत सहारे, प्रभारी पटना शीतल सिदार, निरीक्षक विनोद पासवान, थाना प्रभारी झिलमिली फर्दीनंद कुजूर, उप निरीक्षक नीलमणि कुजूर, आ. अमरेश ठाकुर, आ. सजल जायसवाल, आ. शिवम सिन्हा, आ. अजीत राजवाड़े,आ. रामयण सिंह, आ. विमल जायसवाल, आ. अमल कुजूर, आ. अनुज बखला एवं सूरजपुर जिले के भैयाथान थाना से आ. राकेश कुमार, आ. हेमन्त सिंह का विशेष योगदान रहा।

## पहली बार किसी वारदात में वारदात को सुलझाने किसी पुलिस अधीक्षक ने सुपर कॉप प्रधान आरक्षक को टीम से रखा दूर

सूत्रों की माने तो कोरिया जिले में पहली बार किसी बड़े मामले में सुपर कॉप टीम मामले को सुलझाने में वाले दल में शामिल नहीं दिखी, सुपर कॉप के नाम पर जिले में एक टीम है जिन्हे काफी अनुभवी माना जाता रहा है लेकिन पटना में लगातार घट रही चोरियों में भी वह पीछे कोई सुराग नहीं ढूंढ सके और कई लगातार चोरियां होती रहीं जिससे उनके सुपर कॉप वाले पहचान को भी बट्टा लग गया था और इस बार बड़ी चोरी के मामले में विवेचना से उन्हे दूर रखकर नए पुलिस अधीक्षक ने नए लोगों को मौका दिया और जल्द परिणाम भी सामने आ गया और सभी चोर पकड़े गए। अब सुपर कॉप माने जाने वाले पुलिसकर्मी नए पुलिस अधीक्षक के इस निर्णय से की उन्हे चोरी की वारदात सुलझाने वाले मामले में टीम में नहीं रखा गया आश्चर्यचकित हैं की आखिर उन्हे जगह टीम में नहीं मिली तो क्यों नहीं मिली।

## जिले में पहली बार चोरी के मामले में चोरी गई सभी सामग्री चोरों से हुई जब्त

सूत्रों कहना था की कोरिया जिले में नए पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल में पहली बार यह देखने सुनने को मिला की चोरी गई सारी सामग्री वापस मिल गई। पहले सुपर कॉप के जमाने में कभी पूरी सामग्री किसी मामले में शायद ही जब्त हुई हो। नए पुलिस अधीक्षक की इसको लेकर भी प्रशंसा हो रही है की उन्होंने चोरों से सभी कुछ बरामद कर लिया जो पुलिस विभाग में शायद ही देखने को मिलता है खासकर कोरिया जिले में नहीं देखने को सुनने को मिलता था।

# पुलिस ने 107 लीटर कच्चा महुआ शराब किया जप्त

-संवाददाता-

कोरबा, 22 फरवरी 2024 (घटती-घटना)। पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर लगातार पुलिस के द्वारा अवैध कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कड़ी में दिनांक 18/02/2024 को भी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा, शराब एवं नशीली पदार्थ के विरूद्ध सख्ति से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/ चैकी के द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही किया गया। कोरबा पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए 08 प्रकरणों में कुल 107 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 17 पाव देसी प्लेन मदिरा शराब किया जप्त। थाना बांगो क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोड़ीउपरोड़ा भदरापारा से 03 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया जप्त।थाना बांगो क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डबरीपारा पोड़ीउपरोड़ा से 04 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया जप्त।थाना कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत बरभांठा कसनिया में 12 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया जप्त।थाना कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत होंडा एजेंसी के सामने बिलासपुर रोड कटघोरा में 20 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 17 पाव देसी प्लेन मदिरा शराब को किया गया जप्त।चौकी मानिकपुर क्षेत्र अंतर्गत दादरखुर्द जनकपुरी मोहल्ला में 08 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया जप्त।थाना दीपका क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास में 35 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया जप्त।थाना दर्री क्षेत्र अंतर्गत बिजरा घाट झाबू के पास से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया जप्त।थाना दर्री क्षेत्र अंतर्गत आयोध्यापुरी बुढादेव के पास से 05 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया जप्त।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बलरामपुर**

E-mail : eebalram-phe-cg@nic.in

निविदा क्रं./73/ ले.शा./ ज.जी.मि./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2024 बलरामपुर, दिनांक 19/02/2024

**ऑन लाईन प्रथम निविदा आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म ''अ'' में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सि. नि. क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|
| 153054 | 302.46 |
| 153055 | 14.00 |
| 153056 | 110.10 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्यों तथा स्थत जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 26.02.2024 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 15/03/2024 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे। अतः निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते है।

जी नंबर-07949/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड-बलरामपुर छ.ग.



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202402020700003**

विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2023-2024

सुभाषनगर प.ह.न. 00017 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-अनिल शील,
अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन,

**ज्ञापन**

आवेदक अनिलशील आ0 कृष्णकांत शील निवासी ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने दादा को ग्राम सुभाषनगर में पुनर्वास विभाग से 07 एकड़ भूमि का पट्टा प्राप्त हुआ था। उक्त भूमि का नया खसरा नंबर 6 व 9 रकबा 1.77 , 0.99 हे0 प्रदान किया है। शेष भूमि का शासकीय मद में दर्ज कर दिया गया है। आवेदक के द्वारा खसरा नंबर 39 रकबा 0.180 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आपको निर्देषित किया जाता है कि उक्त संबंध में जांचकर सुनवाई दिनांक 11.03.2024 के पूर्व प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/02/2024 को जारी किया जाता है।

(सील) तहसीलदार
अम्बिकापुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 202401021200..
/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शिल्पा जैन पति विकास कुमार जैन, निवासी-इमलीपारा, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0, के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-श्रीमती सीमा मिश्रा पति संतोष मिश्रा, निवासी-केदारपुर, भट्ठीरोड़, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0, के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 02, मोहल्ला-केदारपुर, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 275/6, 276/2 रकबा 1584, 563 वर्गफिट भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 275/6, 276/2 रकबा 1584, 563 वर्गफिट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 06.02.2024 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता-श्रीमती सीमा मिश्रा पति संतोष मिश्रा, निवासी-केदारपुर, भट्ठीरोड़, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 06/02/2024 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बावत् आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 11/03/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/02/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी

(सील) नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर



**न्यायालय कलेक्टर, जिला-सरगुजा अम्बिकापुर छ0ग0**

रा0प्र0क्र0 20231102030014/08/
ब-121/2023-2024

**ईश्तहार/सूचना पत्र**

आवेदक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा-लखनपुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबंधक श्री विकास कुमार गुप्ता द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम SARFAESI 2002 धारा 14 अंतर्गत उपरोक्त वर्णित ऋणी/गारंटीदाता के विरूद्ध अधिकारी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त प्रकरण उत्तरवादीगण (1) मेसर्स आलम जनरल स्टोर्स, प्रोप्राइटर श्री नशीमुल हक अंसारी, निवासी मेन रोड लखनपुर, तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा (2) श्री नशीमुल हक अंसारी आ0 नबी अंसारी, निवासी मेन रोड लखनपुर, तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा (3) श्री हमीदा अंसारी, निवासी मेर रोड लखनपुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के इस न्यायालय में उपस्थित के लिये प्रकरण दिनांक 29.02.2024 को नियत है।

अतः सभी उत्तरवादीगण को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 29/02/2024 को इस न्यायालय में दिन के 12:00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर उत्तरवादीगण के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक 19/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) प्रभारी अधिकारी
कलेक्टर वाचक शाखा



**न्यायालय कलेक्टर, जिला-सरगुजा अम्बिकापुर छ0ग0**

रा0प्र0क्र0 20231102030013/08/
ब-121/2023-2024

**ईश्तहार/सूचना पत्र**

आवेदक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा-लखनपुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबंधक श्री विकास कुमार गुप्ता द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम SARFAESI 2002 धारा 14 अंतर्गत उपरोक्त वर्णित ऋणी/गारंटीदाता के विरूद्ध अधिकारी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त प्रकरण उत्तरवादीगण (1) मेसर्स आलम जनरल स्टोर्स, प्रोप्राइटर श्री नशीमुल हक अंसारी, निवासी मेन रोड लखनपुर, तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा (2) श्री नशीमुल हक अंसारी आ0 नबी अंसारी, निवासी मेन रोड लखनपुर, तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा (3) श्री हमीदा अंसारी, निवासी मेन रोड लखनपुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के इस न्यायालय में उपस्थित के लिये प्रकरण दिनांक 29.02.2024 को नियत है।

अतः सभी उत्तरवादीगण को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 29/02/2024 को इस न्यायालय में दिन के 12:00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर उत्तरवादीगण के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक 19/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी। (कलेक्टर सरगुजा द्वारा आदेशित)

(सील) प्रभारी अधिकारी
कलेक्टर वाचक शाखा



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

रा0प्र0क्र0 202207020700099/
अ-6-अ/2021-2022

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सरिता दुबे पति संजीव कुमार दुबे, निवासी ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकारपुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 को सूचित किया जाता है कि आवेदक लालसाय मिंज आ. स्व0 कोढो मिंज, निवासी नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 543/25 रकबा 0.040 हे0 भूमि आवेदिका सरिता दुबे के नाम पर दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर अपने नाम पर दर्ज कर त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन के आधार पर इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202207020700099/अ-6-अ/2021-22 दर्ज कर त्रुटि सुधार हेतु प्रकरण विचाराधीन है। आवेदक पक्ष को आपका सही पता ज्ञात नहीं होने के कारण नोटिस तामिली नही हो पा रहा है। समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि

उक्त संबंध में में आपको कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/03/2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

(सील) तहसीलदार
अम्बिकापुर छ.ग.

# डब्ल्यूपीएल के दूसरे संस्करण का आगाज आज से




» इस बार एक भी मैच मुंबई में नहीं...

» बिना डबल हेडर का है टूर्नामेंट

**मुंबई,22 फरवरी 2024।** देश की घरेलू महिला टी20 लीग वीमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का शुक्रवार को आगाज होगा। टूर्नामेंट में कुल 5 फ्रेंचाईजी; मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, गुजरात जाएंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्ज की टीमें हिस्सा लेंगी।
ये टीमें ट्रॉफी के लिए कुल 22 मुकाबलों में शिरकत करेंगीं, जिनमें 20 लीग मैच, एक एलिमिनेटर और एक फाइनल मुकाबला होगा। पहले मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन टीम मुंबई इंडियंस के सामने पिछले सीजन की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स होगी। मैच से पहले रंगारंग ओपनिंग सेरेमनी भी होगी, जिसमे बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान, कार्तिक आर्यन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, टाइगर श्रॉफ, शाहिद कपूर और वरुण धवन के परफॉर्म करने की पुष्टि हो चुकी है।

### वीमेंस प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन कहां-कहां खेला जाएगा ?

टूर्नामेंट का दूसरा सीजन दो शहरों; बेंगलुरू और दिल्ली में खेला जाएगा। बेंगलुरू का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पहले चरण के 11 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसके बाद कारवां नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शिफ्ट होगा। वहीं पर प्लेऑफ और फाइनल के निर्णायक मैच भी खेले जाएंगे। पिछली बार पूरा सीजन मुंबई में हुआ था, लेकिन इस बार वहां एक भी मैच नहीं होना है।

### क्या पिछले सीजन के फॉर्मेट में कोई बदलाव है ?

नहीं। पहले सीजन की तरह ही 5 टीमें कुल 22 मैच खेलेंगी। ग्रूप स्टेज के अपने 8 मैचों में सभी टीमें आपस में दो-दो बार भिड़ेंगी। लीग राउंड के बाद टॉप पर रही टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी, जबकि दूसरे और तीसरे नंबर की टीम फाइनल में जगह बनाने के लिए एकमात्र प्लेऑफ मैच में भिड़ेंगी। अंतिम-2 टीमें सीधे बाहर हो जाएंगी।

### ऑक्शन कैसा रहा था ? कौन-कौन महंगी खिलाड़ी रहीं ?

गुजरात जाएंट्स ने अनकैप्ड ऑलराउंडर काशवी गौतम को 2 करोड़ रुपए में खरीदकर चौंका दिया था, जबकि वृंदा दिनेश पर यूपी वॉरियर्ज ने 1.3 करोड़ रुपए खर्चे थे। हालांकि, काशवी इंजरी के चलते टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड 2 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स, पेसर शबनिम इस्माइल 1.2 करोड़ में मुंबई, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड 1 करोड़ में गुजरात से जुड़ी। इसके अलावा केट क्रॉस आरसीबी, डैनी व्याट यूपी और टूर्नामेंट की इकलौती एसोसिएट खिलाड़ी कैथरीन ब्रायस गुजरात की टीम में खेलेंगी।

### कोई भी बड़ी खिलाड़ी टूर्नामेंट मिस नहीं करेगी ?

न्यूजीलैंड दौरे पर इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। लॉरेन बेल भी इसी वजह से नहीं खेलेंगी। वहीं, कंगारू ऑलराउंडर किम गार्थ, पेसर लॉरेन चीटल और विंडीज ऑलराउंडर डिएंड्रा डोटिन टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं हैं। भारत की देविका वैद्य पिछले साल 1.6 करोड़ में बिकने के बाद इस साल अनसोल्ड रही हैं।
स्मृति (आरसीबी), एलिसा हीली (यूपी) और बेथ मूनी (गुजरात) के रूप में कप्तान वही हैं। हालांकि, गुजरात ने रेचल हायेंस की जगह माइकल क्लिंगर को कोच बनाया है। वहीं, आरसीबी ने बेन स्वेयर की जगह ल्यूक विलियम्स को कोच नियुक्त किया है।

### पिछले सीजन में कौन सी खिलाड़ी स्टार थीं ?

मुंबई की साइका इशाक और आरसीबी की श्रेयांका पाटिल ने शानदार प्रदर्शन के दम पर इस साल टीम इंडिया के लिए डेब्यू कर लिया। दोनों को पिछले साल 10 लाख के बेस प्राइज पर खरीदा गया था। नए नियम के तहत इंडिया डेब्यू के बाद 30 लाख रुपए प्रति सीजन मिलेंगे।

### भारत के अलावा किन देशों की खिलाड़ी सबसे ज्यादा खेलेंगी ?

भारत के अलावा सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलिया की 13 खिलाड़ी हैं, जिनमें से 3 कप्तान भी हैं। दिल्ली में सबसे ज्यादा 4 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं, जबकि अन्य 3 टीमों में 3-3 कंगारू हैं। मुंबई में एक भी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी नहीं है। इसके अलावा टूर्नामेंट में 6 खिलाड़ी इंग्लैंड और 5 साउथ अफ्रीका की हैं।

### मैचों का समय क्या रहेगा ?

मैच शाम 7.30 बजे से शुरू होंगे। टूर्नामेंट में एक भी डबल हेडर नहीं है, यानी किसी भी दिन दो मुकाबले एक साथ नहीं खेले जाएंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### इंडियन वेल्स खिताब का डिफेंड करने कोर्ट पर लौटेंगे चोटिल अल्कराज

**नई दिल्ली,22 फरवरी 2024।** चोट से जूझ रहे कार्लोस अल्कराज टेनिस के शिखर पर जाने के लिए बेताब हैं। साथ ही उन्हें उम्मीद है कि वो इंडियन वेल्स खिताब का डिफेंड करने के लिए जल्दी फिट हो जाएंगे।



कार्लोस अल्कराज ने अपने सोशल मीडिया पर चोट की अपडेट शेयर की है।थियागो मोंटियरो के खिलाफ रियो डी जनेरियो में अपने पहले मैच में अल्कराज चोटिल हो गए थे, इसके बाद उन्हें मैच को बीच में ही छोड़ना पड़ा।पूर्व विश्व नंबर 1 ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, इस चोट के बाद मेरे टखने का एमआरआई हुआ। मेरे डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट ने जांच के बाद बताया कि यह एक ग्रेड सेकेंड मोच है। इसके कारण मुझे कुछ समय के लिए कोर्ट से बाहर रहना पड़ेगा! लास वेगास और इंडियन वेल्स में मिलते हैं!
इंडियन वेल्स में मौजूदा चैंपियन के रूप में अल्कराज को एटीपी मास्टर्स 1000 का बचाव करने के लिए विश्व नंबर 2 रैंकिंग के लिए जैनिक सिनर की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

### गॉफ,स्वियातेक और रयबाकिना क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचे

**दुबई,22 फरवरी 2024।**कोको गॉफ ने धीमी शुरुआत और दूसरे सेट में चेयर अंपायर के साथ बहस के बावजूद करोलिना प्लिस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज करके प्लिस्कोवा के 11 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर भी रोक लगाई।अमेरिका की इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला रूस की अन्ना कलिंस्काया से होगा जिन्होंने नौवीं वरीयता प्राप्त येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-5 से हराया। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त ऐलेना रयबाकिना को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को 7-6 (5), 3-6, 6-4 से हराया।
स्वियातेक का अगला मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त क्वीनवेन झेंग से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पोटापोवा को 6-3, 6-2 से हराया। रयबाकिना क्वार्टरफाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी से भिड़ेगी जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी को 6-4, 6-2 से पराजित किया। अन्य क्वार्टरफाइनल मैच सातवीं वरीयता प्राप्त मार्केटा वोंड्रोसोवा और सोराना क्रिस्टिया के बीच खेला जाएगा।

## रांची में बुमराह की जगह आकाश दीप या मुकेश कुमार को मिलेगा मौका ?

### चौथे टेस्ट में ऐसी होगी भारत की प्लेइंग इलेवन

**रांची,22 फरवरी 2024।**भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला आज यानी शुक्रवार, 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा। भारतीय टीम मैनेजमेंट ने वर्कलोड को देखते हुए इस मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम (रेस्ट) देने का फैसला किया है। वहीं केएल राहुल पूरी तरह फिट नहीं होने की वजह से पहले ही सीरीज से बाहर हो चुके हैं। ऐसे में जानिए चौथे टेस्ट में भारत की प्लेइंग इलेवन कैसी हो सकती है।




चौथे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन की बात करें तो कप्तान रोहित शर्मा,यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल का टॉप तीन में खेलना कंफर्म है। वहीं चार नंबर पर रजत पाटीदार खेलेंगे या नहीं इसे लेकर संशय बना हुआ है। रजत दूसरे और तीसरे टेस्ट में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे, लेकिन वह चारों पारियों में फ्लॉप रहे। ऐसे में उनकी जगह चार नंबर पर अक्षर पटेल को मौका मिल सकता है। अक्षर बैटिंग के साथ-साथ चौथे स्पिनर की भूमिका भी अदा कर सकते हैं।
इसके बाद सरफराज खान का पांच नंबर पर खेलना तय है। सरफराज ने तीसरे टेस्ट में डेब्यू किया और दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ सभी दिग्गजों को प्रभावित किया। वहीं छह नंबर पर रवींद्र जडेजा और सात नंबर पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल का खेलना भी तय है। गेंदबाजों की बात करें तो जसप्रीत बुमराह रांची टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसे में उनकी जगह किसे मौका मिलता है, यह देखने वाली बात होगी। हालांकि, माना जा रहा है कि आकाश दीप या मुकेश कुमार में से कोई इनकी जगह ले सकता है। हालांकि, एक विकल्प यह भी है कि रजत पाटीदार को एक और मौका दिया जाए और बुमराह की जगह अक्षर पटेल की वापसी हो जाए,लेकिन ऐसी स्थिति में भारतीय टीम सिर्फ एक तेज गेंदबाज के साथ उतरेगी। चौथे टेस्ट में भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, अक्षर पटेल/ रजत पाटीदार, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, आकाश दीप/मुकेश कुमार, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज।

## इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के लिए किया प्लेइंग इलेवन का एलान

» रेहान अहमद और मार्क वुड बाहर

» शोएब बशीर की हुई वापसी

इंग्लैंड ने शुक्रवार, 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का एलान कर दिया है. इंग्लैंड की टीम में ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की वापसी हुई है.




वहीं तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को भी मौका मिला है. टीम से लेग स्पिनर रेहान अहमद और तेज गेंदबाज मार्क वुड की छुट्टी हो गई है.भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच कल (शुक्रवार) रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम खेला जाएगा. इस अहम टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में शोएब बशीर की वापसी हुई है. ऐसे में सभी की नजरें उनपर ही रहेंगी. क्या वह अपने घरेलू फॉर्म को दोहराकर इंग्लैंड को सीरीज में जीवित रख पाएंगे. खैर, इसका जवाब रांची के मैदान पर मिलेगा.
इंग्लैंड ने खराब फॉर्म से जूझ रहे जॉनी बेयरस्टो को एक और मौका दिया है. वह रांची टेस्ट में भी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं. वहीं सीनियर तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन भी रांची टेस्ट में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं. लेग स्पिनर रेहान अहमद की टीम से छुट्टी हो गई है.
चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन- जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, बेन स्टोक्स (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स, टॉम हार्टले, शोएब बशीर, ओली रॉबिन्सन और जेम्स एंडरसन.

### महोम्मद शमी आईपीएल के 17 वें सीजन से हुए बाहर

**नई दिल्ली,22 फरवरी 2024।**आईपीएल 2024 शुरू होने से पहले ही गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका लगा है। जहां भारत के स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी आईपीएल के 17वें सीजन से बाहर हो गए हैं। उनके बाएं टखने में चोट लगी हुई है। शमी को इसके लिए ब्रिटेन में सर्जरी की जरूरत होगी।पीटीआई को बीसीसीआई सूत्र ने इस बात की जानकारी दी है। सूत्र ने बताया कि, शमी जनवरी के आखिरी सप्ताह में एंकल यानी टखने का स्पेशल इंजेक्शन लेने के लिए लंदन गए थे,वहां उन्हें बताया गया था कि तीन सप्ताह के बाद, वो हल्की दौड़ शुरू कर सकते हैं और इसके बाद इस इंजेक्शन को ले सकते हैं। शमी वर्ल्डकप के बाद से ही भारतीय टीम के लिए एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। 33 साल के शमी वर्तमान में भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से भी बाहर हैं।




## चोट का बहाना बना बुरे फंसे श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली,22 फरवरी 2024।** इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम से बाहर किए गए श्रेयस अय्यर पीठ दर्द के कारण शुक्रवार से बीकेसी ग्राउंड में बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए हैं। लेकिन वो अपनी एक गलती के कारण विवादों में फंस गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में खेल विज्ञान और चिकित्सा विभाग के प्रमुख नितिन पटेल ने चयनकर्ताओं को एक ईमेल में पुष्टि की कि श्रेयस अय्यर को कोई ताजा चोट नहीं है और वह फिट हैं। यह मामला अब इसलिए बढ़ता जा रहा है कि क्योंकि चोटिल होने के कारण श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले लिया था, लेकिन अब एनसीए ने उन्हें फिट घोषित किया है।



पटेल ने ईमेल में लिखा, इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के बाद भारतीय टीम की हैंडओवर रिपोर्ट के अनुसार श्रेयस अय्यर फिट थे और चयन के लिए उपलब्ध थे। टीम इंडिया से उनके जाने के बाद फिलहाल किसी ताजा चोट की सूचना नहीं है।
एनसीए ने अय्यर को रणजी खेलने की सलाह दी थी, ताकि उनकी पीठ को बल्लेबाजी और करीब चार दिन तक मैदान पर तनाव झेलने की आदत हो जाए।

## सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में अभिनय करेंगे वरुण,जान्हवी



अभिनेता वरुण धवन और जान्हवी कपूर निर्देशक शशांक खेतान की अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म के लिए एक बार फिर साथ काम करने के लिए तैयार हैं। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी शीर्षक से यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।धर्मा प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम पर एक विशेष घोषणा वीडियो साझा किया, जिसे उन्होंने कैप्शन दिया, आपका संस्कारी अपनी कुमारी को पाने के रास्ते पर है! मनोरंजन से भरपूर ये प्रेम कहानी आ रही है बड़े पर्दे पर! सिनेमाघरों में, 18 अप्रैल 2025 शशांक खेतान द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म करण जौहर द्वारा निर्मित है।सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया के बाद शशांक के साथ वरुण का तीसरा सहयोग है और अपनी पहली फिल्म धड़क के बाद निर्देशक के साथ जान्हवी का दूसरा सहयोग है।यह फिल्म उनकी रोमांटिक ड्रामा फिल्म बवाल के बाद वरुण और जान्हवी के दूसरे सहयोग का भी प्रतीक है।प्रोडक्शन हाउस द्वारा वीडियो साझा करने के तुरंत बाद, उनके दोस्तों और प्रशंसकों ने टिप्पणी अनुभाग को बंद कर दिया ।

## रिया चक्रवर्ती को बड़ी राहत,बॉम्बे एच सी ने रद्द किया लोक



बॉम्बे हाई कोर्ट ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती, उनके भाई शोविक चक्रवर्ती और उनके पिता इंद्रजीत चक्रवर्ती, जो सेना में अनुभवी हैं, के खिलाफ जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को रद्द कर दिया है।रिया, उनके भाई और पिता कोर्ट की इजाजत के बिना भारत से बाहर यात्रा कर सकते हैं.सुशांत की मौत की जांच कर रही एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 2020 में तीनों के खिलाफ एलओसी जारी की गई थी। एलओसी किसी व्यक्ति को अदालत की पूर्व अनुमति के बिना विदेश यात्रा से प्रतिबंधित करती है।एक रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने रिया, शोविक और उनके पिता द्वारा उनके खिलाफ जारी एलओसी के खिलाफ दायर याचिकाओं को अनुमति दे दी। सीबीआई के वकील श्रीराम शिरसाट ने पीठ से अपने आदेश के क्रियान्वयन पर चार सप्ताह की अवधि के लिए रोक लगाने का अनुरोध किया ताकि एजेंसी उच्चतम न्यायालय में अपील दायर कर सके। हालाँकि, ॥ष्ट ने अपने आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।रिया और शोविक को उसके तत्कालीन प्रेमी, अभिनेता सुशांत की मौत के बाद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल मामले में जमानत पर हैं। सुशांत को 14 जून, 2020 को उपनगरीय बांद्रा में अपने अपार्टमेंट में लटका हुआ पाया गया था। सुशांत के माता-पिता द्वारा रिया के खिलाफ कथित आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किए जाने के बाद, उसके व्हाट्सएप चैट के आधार पर उसके द्वारा कथित दवा खरीद की समानांतर जांच भी शुरू हुई। .रिया को सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था और बाद में उसे भायखला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया जहां उसने लगभग छह सप्ताह बिताए।रिया के पास कई सालों तक काम नहीं था और अप्रैल 2023 में, उन्होंने एमटीवी रोडीज़ सीज़न 19 की शूटिंग शुरू की। वह रियलिटी शो में गैंग लीडर्स में से एक थीं। फ़िल्मी मोर्चे पर, उन्हें आखिरी बार 2021 की थ्रिलर चेहरे में देखा गया था, जिसमें अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी और अन्य थे।

## अनुष्का सेन सदके पर थिरकीं,दिखा आकर्षक लुक



व्यस्त काम शेड्यूल के साथ, अभिनेत्री अनुष्का सेन वर्तमान में सोशल मीडिया पर विभिन्न सेटों और शहरों से पर्दे के पीछे के रोमांचक दृश्यों के साथ अपने प्रशंसकों को खुश कर रही हैं।वैलेंटाइन डे पर, बाल वीर फेम दिवा, जो वर्तमान में पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों मोर्चों पर बुलंदियों पर हैं, ने घोषणा की कि वह एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। हालाँकि, उन्होंने परियोजना के विवरण का खुलासा नहीं किया। तब से, अनुष्का अपने व्यस्त कार्य जीवन की झलक दिखाते हुए प्रशंसकों के साथ तस्वीरें और वीडियो साझा कर रही हैं।अब, गुरुवार को, झांसी की रानी फेम ने इंस्टाग्राम का सहारा लिया, जहां उनके 39.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं और उन्होंने एक मजेदार रील साझा की।वीडियो में अनुष्का आशिर वजाहत, नायेल और नेहाल नसीम द्वारा गाए गए सदक़े की धुन पर थिरकती नजर आ रही हैं। उसने नीले रंग का हाफ स्लीव्स क्रॉप टॉप और मैचिंग जॉगर्स पहना हुआ है।बिना मेकअप के अनुष्का अपने लंबे बालों को दिखा रही हैं, जिन्हें मुलायम कर्ल में स्टाइल किया गया है। धूप सेंकते हुए और ट्रैक पर नाचते हुए, अनुष्का अपने प्रोजेक्ट के सेट पर ऊर्जा से भरपूर थीं।

CMYK

# सुरक्षा गार्डों से अतिरिक्त काम कराए जाने का मामला गरमाया

» निजी सुरक्षा गार्डों से 12-12 घंटे लिए जाते हैं काम'
» कांग्रेस विधायक ने उठाया मुद्दा
» मंत्री ने दिया जांच का आदेश

रायपुर,22 फरवरी 2024(ए)। प्रदेश में संचालित उद्योगों में सुरक्षा गार्डों से 12 घंटे तक ड्यूटी कराने के मामले की जांच होगी। विधानसभा में कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव के सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि लेबर अफसर की टीम बनाकर प्रदेश भर में उद्योगों में सुरक्षा गार्ड के 12 घंटे ड्यूटी कराने की शिकायत की जांच करायी जायेगी।

**शिकायत पर कर्मियों को काम से निकाला**

विधायक रामकुमार यादव ने सदन में सवाल पूछा कि चंद्रपुर विधानसभा के अंतर्गत स्थापित पावर प्लांटों एवं उद्योगों में 2021-22 में क्या जांच करायी गयी है और क्या अनियमितता पायी गयी है? उन्होंने ये सवाल भी किया कि अपने क्षेत्र के उद्योगों में सुरक्षाकर्मियों के 12-12 घंटे ड्यूटी कराने का मुद्दा जब उन्होंने उठाया, तो कई सुरक्षाकर्मियों को नौकरी से निकाल दिया गया और कई सुरक्षाकर्मियों को बंद करा दिया गया।

रामकुमार यादव ने ये भी कहा कि ये शिकायत सिर्फ चंद्रपुर की ही नहीं है, प्रदेश भर के उद्योगों में सुरक्षाकर्मियों से 12-12 घंटे ड्यूटी ली जाती है। इसकी जांच करायी जानी चाहिये। मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस मामले की जांच की बात कही, जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूछा कि, किस स्तर के अधिकारी से जांच करायी जायेगी और जिन सुरक्षाकर्मियों को नौकरी से निकाला गया है, क्या उनकी वापसी करायी जायेगी। जवाब में मंत्री ने आश्वासन दिया कि लेबर अफसरों की टीम बनाकर प्रकरण की जांच करायी जायेगी।




## छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में हरिचंदन के कार्यकाल को एक वर्ष पूरे हुए



रायपुर,22 फरवरी 2024 (ए)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बतौर कल 23 फरवरी को एक वर्ष पूर्ण हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है कि यहां उच्च संवैधानिक पद पर साहित्यकार और संवेदनशील व्यक्ति राज्यपाल के रूप में आसीन हैं। राजभवन के दरवाजे सभी के लिए खुले रहते हैं। हर तबके, वर्ग और समाज के लोग राज्यपाल से भेंट करने आते हैं और संतुष्ट होकर जाते हैं। राज्यपाल को छत्तीसगढ़ के लोग अत्यंत सरल ,सहज लगते हैं और वे सभी से आत्मीयता के साथ मिलते हैं। श्री हरिचंदन ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति का पद संभालने के बाद कुलाधिपति के रूप में सबसे पहले राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक ली और उनके विश्वविद्यालयों की गतिविधियों एवं समस्याओं की जानकारी लेकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उनका कहना हैं कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थी जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है और इसका प्रभाव उसके भविष्य पर भी पड़ता है। इसलिए सभी विश्वविद्यालयों को समय पर दीक्षांत समारोह सम्पन्न करना चाहिए। उनके इस निर्देश के बाद राज्य के 11 शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह आयोजित हुए और लगभग 4 लाख विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियां एवं पदक प्रदान किये गये। कुलाधिपति के रूप में वे विद्यार्थियों को राष्ट की सेवा करने एवं गरीब, शोषित व वंचित वर्ग के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित करते हैं। उनका मानना है कि सर्वाधिक युवाओं की आबादी वाले इस देश के युवाओं को सकारात्मक दिशा में ले जाना आवश्यक है।

## विधानसभा में साधराम हत्याकांड की गूंज

### विधायक देवेन्द्र ने उठाया मामला



छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र में आज दिनांक 22 फरवरी की कार्यवाई के दौरान शून्यकाल के जरिए विधायक देवेंद्र यादव ने कवर्धा में हुए साधराम यादव हत्याकांड का मुद्दा उठाया।ज्ञात हो कि गत 20 फरवरी को विधायक देवेंद्र कवर्धा लालपुर गांव पहुंच मृतक साधराम के परिजनों से भेंट कर उनकी मांगे सुनी थी। इस दौरान हुई समाज की बैठक के दौरान आवश्यक फैसलों के साथ ही विधायक देवेंद्र ने सदन में मुद्दा उठाने की बात कही थी।

आज सदन में उठे साधराम हत्याकांड के मुद्दे पर विपक्ष ने मामले की सीबीआई जांच कराए, मृतक के परिवार को सरकारी नौकरी देने और मुआवजा देने को लेकर बात रखी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी बात को गंभीरता से रखते हुए मामले की सीबीआई जांच कराए जाने का पक्ष रखा। दोनों पक्षों से संवाद के बीच मांग पूर्ण ना किए जाने को लेकर विपक्षी विधायक गर्भ गृह में धरना प्रदर्शन करने लगे जिसके चलते सभी को निलंबित किया गया। जिसके बाद साधराम यादव की हत्याकांड को मुखरता से रखते हुए विधायकों ने सदन के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

ज्ञात हो कि विधायक देवेंद्र के 20 कवर्धा दौरे के दौरान समाज प्रमुखों ने उन्हें आज होने वाले न्याय रैली में सम्मिलित होने अपील की थी। विधानसभा की कार्रवाई पूर्ण होने के उपरांत विधायक देवेंद्र अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ कवर्धा पहुंचेंगे।

## शिव डहरिया की पत्नी पर लगा सामुदायिक भवन पर कब्जा करने का आरोप

### जल्द होंगे कई बड़े खुलासे

पूर्व मंत्री शिव डहरिया की पत्नी शकुन डहरिया पर रायपुर के शताब्दी नगर स्थित सामुदायिक भवन पर कब्ज़ा करने का आरोप है। पूर्व मंत्री की पत्नी की यहां इतनी चलती है कि उन्होंने भवन के रंगरोगन पर 1 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। यहां आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गई है। ये सामुदायिक भवन किसी सचिव के कार्यालय से कम नहीं है। आलम ये है कि आमसभा में इस मुद्दे पर खूब हंगामा होने के बाद सभापति प्रमोद ने पूर्व मंत्री का नाम चर्चा से विलोपित कर दिया। इस यहां 50 लाख रुपये से ज्यादा लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से एलईडी टीवी, वार्डरोब, फ्रिज, अलमारी, वाशिंग मशीन, कम्प्यूटर,कंप्यूटर प्रिंटर सहित तमाम वो सुविधाएं हैं। सामुदायिक भवन में खर्चे 1 करोड़ रुपए जिसकी कल्पना निगम या फिर किसी भी



शासकीय सामुदायिक भवन में नहीं की जा सकती। दरअसल,रायपुर नगर निगम में अभी कांग्रेस का कब्ज़ा है। यहां की सामान्य सभा के दौरान भाजपा की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने जोन 10 के अंतर्गत आने वाले शताब्दी नगर स्थित इस सामुदायिक भवन का मामला उठाया, जिसमें उनके द्वारा इस भवन में दी गई इन तमाम 5 सुविधाओं के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब भारसाधक सदस्य ज्ञानेश शर्मा नहीं दे पाए। वहीं, नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि इसका संचालन राजश्री सद्भावना समिति द्वारा किया जाता है, जिसकी अध्यक्ष पूर्व मंत्री शिव डहरिया की पत्नी शकुन डहरिया हैं। इन सभी सवालों का जवाब नहीं मिल पाने की वजह से मेयर एजाज ढेबर ने इस मामले में कमेटी का गठन कर 15 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।

### दोषी पाए जाने वाले अफसरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

सदन में मुद्दा सामने आने पर परिषद के ही कुछ सदस्य कहते रहे हैं कि यह भवन किसी को आवंटित नहीं है, फिर मंत्री की पत्नी का भवन पर कब्जा कैसे है? इसी बीच सामान्य सभा में माहौल गर्म हो गया। भाजपा पार्षद दल कार्रवाई की मांग करने लगा। नेता प्रतिपक्ष मीनल ने कहा कि भवन पर अवैध कब्जा करना और अफसरों का लाखों रुपए खर्च करना जांच का विषय है। इसमें दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं मेयर एजाज ढेबर ने इस पूरे मामले की जांच करने और दोषी पाए जाने वाले अधिकारी को बर्खास्त करने की बात कही है।

## साधराम हत्याकांडः कांग्रेसियों ने की सीबीआई जांच की मांग

» हंगामा,विधायक निलंबित
»जो लोग जांच की मांग कर रहे हैं उन्हें सीबीआई पर भरोसा नहीं

विधानसभा में शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के विधायकों ने साधराम यादव हत्याकांड का मामला उठाया। सीबीआई जांच की मांग करते हुए कांग्रेस के विधायक नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में उतर गए. इसके साथ ही विधायक निलंबित हो गएय़। आसंदी ने निलंबन रद्द कर दिया। सदन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि साधराम यादव की हत्या की सही जांच नहीं की गई है। ना ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मिला. रामकुमार यादव, देवेंद्र यादव, द्वारिकाधीश यादव, विक्रम मंडावी और



अनिला भेड़िया ने भी उचित कार्रवाई की मांग करते हुए सीबीआई जांच की मांग दोहराई।स्पीकर डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि गृहमंत्री ने इस विषय पर कल ही सदन में स्पष्ट जवाब दे दिया है. इस विषय में आगे भी सदस्यों को अपनी बात कहने का मौक़ा मिलेगा. भूपेश बघेल ने कहा कि यह गंभीर मामला है. सीबीआई जांच की घोषणा की जानी चाहिए. संसदीय कार्यमंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जो लोग सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं उन्हें खुद सीबीआई पर भरोसा नहीं है।इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि सीबीआई को बैन हमने नहीं किया था. हमारे से पूर्व की सरकार ने ये व्यवस्था कर ली थी. हम जब आये तब हमने सिर्फ़ नोटिफ़िकेशन जारी किया था। आज भाजपा सत्ता में है, लेकिन अब तक सीबीआई की एंट्री को लेकर नोटिफ़िकेशन जारी नहीं किया है। सरकार की अनुमति से किसी जांच पर राज्य की सहमति पहले भी थी।

## सरगुजा में बढ़ रहे अपराधों पर सदन में जताई चिंता



विधानसभा में बीजेपी विधायक रामकुमार टोप्पो ने सरगुजा जिले में हुए अपराधों को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने पूछ, सरगुजा जिले में पिछले 3 वर्षों में बलात्कार, हत्या, चोरी, डकैती, मानव तस्करी व हरिजन अत्याचार के कितने प्रकरण दर्ज था?

टोप्पो ने हत्या के एक मामले को संदिग्ध बताते हुए उसमें बलात्कार की आशंका जताते हुए बताया कि व्यक्ति विशेष का शव जिस परिस्थिति में मिली उसमें सिर उत्तर दिशा और पैर पश्चिम दिशा में मिला। परिजनों के साथ भी पुलिस का व्यवहार ठीक नहीं था। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। जिसके जवाब में मंत्री ने रेंज के अधिकारी से घटना की जांच कराने की घोषणा की।

गृहमंत्री विजय शर्मा की गैरमौजूदगी में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जवाब देते हुए बताया इस दौरान जिले में बलात्कार के 468, हत्या के 175, चोरी के 1512, डकैती के 07, मानव तस्करी के 08 और अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत 50 प्रकरण दर्ज है।





## आईपीएस अवार्ड के लिए पुलिस सेवा के 7 अफसर चयनित




### जारी हुई अधिसूचना

रायपुर,22 फरवरी 2024(ए)। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के सात राज्य पुलिस सेवा के 7 अफसरों को आईपीएस अवार्ड कर दिया है। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के मुताबिक उमेश चौधरी, मनोज कुमार खेलारी, रविकुमार कुर्रे, चैनदास टंडन और सुरजन राम भगत के अलावे दर्शन सिंह मरावी और झाड़ुराम ठाकुर का भी आईपीएस अवार्ड हो गये हैं।

## डॉक्टर का होगा डीएनए टेस्ट



### हाईकोर्ट ने दिया आदेश, दुष्कर्म पीड़िता ने किया है ये दावा

बिलासपुर,22 फरवरी 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक डॉक्टर ने 13 साल की बच्ची से रेप किया, और इसके बाद यह सिलसिला अगले 14 साल तक चलता रहा। इस बीच पीड़ित युवती का विवाह भी हो गया। परेशान पीड़िता ने आखिरकार इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। आरोपी की गिरफ्तारी भी हुई, पर उसने डीएनए टेस्ट कराने से मना कर दिया। अब हाईकोर्ट ने पीड़िता की याचिका पर सुनवाई करते हुए डॉक्टर, पीड़िता तथा उसकी बच्ची का डीएनए टेस्ट कराने का आदेश दिया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)